आज का विचार

चाय और चरित्र जब भी गिरते हैं वह ऐसा दाग लगाते हैं कि जो जीवन भर नहीं छूटते हैं।

दैनिक सिटी दर्पण

आईना सच का






सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़। शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 वर्ष 22, अंक 101, मूल्यः 3 रुपए RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 www.citydarpan.com


# पटना के होटल में भीषण आग, छह की मौत, दो की हालात गंभीर

**एजेंसी**
पटना/सासाराम

बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन के समीप एक होटल में बृहस्पतिवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। इस बीच, रोहतास जिले में दिनारा थानाक्षेत्र के डोंगरा टोले में एक झोपड़ी में आग लगने की एक अन्य घटना में एक महिला और 12 वर्षीय एक लड़के की झुलसकर मौत हो गई।

राज्यपाल राजेंद्र वी आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में आग लगने की घटना में हुई लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

राजभवन की ओर से जारी बयान के अनुसार अर्लेकर ने कहा कि पटना जंक्शन के पास उक्त बहुमंजिला इमारत में आग लगने की घटना बेहद दुखद है। इस घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त की है और झुलसे लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने उक्त घटना में छह लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कुमार ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है।

मुख्यमंत्री ने घटना में झुलसे लोगों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

कुमार ने ईश्वर से मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि अब तक छह लोगों की मौत हुई है जिनमें तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। उन्होंने बताया दो अन्य



व्यक्तियों की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि बाकी झुलसे लोग खतरे से बाहर हैं। प्रकाश ने बताया कि मृतकों की पहचान किए जाने के बाद उनके परिजनों को सूचित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलायी गयी है।

वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित उक्त बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 20 से अधिक लोगों को बचाकर बाहर निकाला गया है।

उन्होंने कहा कि अग्निशमन दस्ते द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और आग पर काबू पा लिया गया है। घटना स्थल पर अग्निशमन दस्ते का नेतृत्व कर रहे उपमहानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर से आग लगी। हालांकि, उपमहानिरीक्षक ने कहा, आग कैसे लगी, इस बारे में तत्काल पता नहीं लग पाया है। जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारण की जानकारी मिल सकेगी।

इस बीच, पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाकर झुलसे लोगों से मिलकर उनके इलाज और स्वास्थ्य की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक को झुलसे लोगों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि सभी होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, विशेष रूप से पटना जंक्शन जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में स्थित होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन की तैयारियों का ऑडिट कराने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, हम अग्नि सुरक्षा मानदंडों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

# दो शहजादे तुष्टिकरण की राजनीति के लिए एक साथ आए हैं : मोदी

## पीएम ने शाहजहांपुर में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी रैली को किया संबोधित

**एजेंसी**
शाहजहांपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के लिए दो शहजादे एक साथ आए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर परोक्ष हमला करते हुए मोदी ने कहा, क्या आप दो लड़कों की फ्लॉप जोड़ी से विकास की उम्मीद कर सकते हैं।

मोदी ने यहां शाहजहांपुर और आसपास के लोकसभा क्षेत्रों के भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में यहां एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, तुष्टीकरण की राजनीति दो शहजादे के एक साथ आने का सबसे बड़ा कारण है।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह चुनाव सिर्फ सांसद बनाने और सरकार बनाने भर का नहीं है। यह चुनाव... आपका एक-एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है, और ये मोदी की गारंटी से भी ज्यादा आपके वोट की गारंटी है।

उन्होंने कहा, इस बार आपका वोट... देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों को एक बहुत कड़ा संदेश देने वाला है। आपका वोट ही है जो आतंकवाद को काबू में रखेगा और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी



अर्थव्यवस्था बनाएगा... इसलिए फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारीशक्ति... ये पहली प्राथमिकता हैं।

मोदी ने दावा किया कि उनकी सरकार ने चार करोड़ गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिए हैं, जिनमें से अधिकतर महिलाओं के नाम पर हैं। यही नहीं तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा, पहले लखनऊ-कानपुर में आए दिन आतंकी हमले होते थे, बम धमाके होते थे। इसके सिवा सपा-कांग्रेस वाले कुछ बता भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ काम ही नहीं किया, जिसका वो रिपोर्ट दे सकें।

कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि पार्टी पूरे देश में आरक्षण के कर्नाटक मॉडल को लागू करने की योजना बना रही है, जहां दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों की हिस्सेदारी कम करने के बाद मुस्लिम समुदाय को आरक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता आतंकवादियों की मौत पर आंसू बहाते हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की, अपने वोट से राष्ट्र-विरोधी मानसिकता वाले लोगों को कड़ा संदेश दें। तीसरी बार सरकार बनाने का भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, चार जून के बाद आपके आशीर्वाद से सरकार बनाकर मोदी भ्रष्टाचारियों को जवाबदेह ठहराएंगे। समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा, शाहजहांपुर और यह पूरा क्षेत्र सब कुछ ठप परियोजना का शिकार था। यहां सड़क बुनियादी ढांचा ठप था, बिजली व्यवस्था ठप थी, स्वास्थ्य सेवाएं ठप थीं। कानून-व्यवस्था ठप हो गई। उन्होंने भाजपा सरकार के तहत क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं का जिक्र किया।

पिछली सरकारों में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी के सत्ता में आने से पहले रेलवे स्टेशन, रेडियो और टीवी पर अज्ञात वस्तुओं से दूर रहने की चेतावनी प्रसारित की जाती थी क्योंकि डर था कि वह वस्तु बम हो सकती है। उन्होंने सवाल किया, 2014 में मोदी के सत्ता में आने के बाद आपने कभी ऐसा संदेश सुना है? क्या अब बम विस्फोट का कोई डर है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के नेता आतंकवादियों की मौत पर आंसू बहाते है। मतदाताओं से अपील करते हैं मोदी ने कहा, कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आतंकियों के मरने पर आंसू बहा रही थीं। ऐसे लोग आपको मंजूर हैं क्या? यही नहीं, सपा वाले तो ऐसे थे कि जो आतंकी जेल में थे उनको जेल से रिहा करवाने के लिए भांति-भांति के कानूनी रास्ते खोज रहे थे। क्या ऐसे लोगों के हाथ में आपका भविष्य सुरक्षित है?

### बुलाने पर भी राममंदिर समारोह में नहीं आई कांग्रेस

मोदी ने कहा कि राम मंदिर के न्यासियों ने कांग्रेस के लोगों को राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, उन्होंने अभिषेक समारोह के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया और राम भक्तों को पाखंडी कहा। क्या ऐसे लोगों को एक वोट का भी अधिकार है? क्या उन्हें चुन चुन के सफाया नहीं किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया, कांग्रेस की पहचान रही है- इनको जब भी बड़ा कुकृत्य करना होता है तो ये देश और संविधान के नाम पर हो-हल्ला करना शुरू कर देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि 70 के दशक में ऐसे ही नारे लगाकर कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाया था, देश को जेलखाना बना दिया था, अखबारों पर ताले लगा दिए थे, देश के लाखों लोकतंत्र प्रेमियों को सलाखों के पीछे बंद कर दिए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक बार फिर कांग्रेस ने अपनी फ्लॉप फिल्म रिलीज की है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की इस फिल्म में दो डायलॉग हैं, पहला- मोदी जीत जाएगा तो तानाशाही आ जाएगी। दूसरा- मोदी जीत जाएगा तो आरक्षण चला जाएगा... ये ऐसा ही झूठ चलाते रहते हैं।

# व्हाट्सएप के जरिये दाखिल और सूचीबद्ध मुकदमों की जानकारी देगा न्यायालय

## प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- देश के लोगों को मिलेगा काफी फायदा, बचेगा समय

**एजेंसी**
नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। उन्होंने कहा कि इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी।



प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंड्रचूड़ ने व्हाट्सएप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की।

याचिकाओं से यह सवाल निकलकर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत 'समुदाय के भौतिक संसाधन' माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, "उच्चतम न्यायालय की मौजूदगी के 75वें वर्ष में हमने एक छोटी सी योजना की शुरूआत की है। इसमें बहुत असरकारक होने की क्षमता है। व्हाट्सएप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्सएप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है।"

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल के अंतर्गत 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' और शीर्ष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने वाले वादियों को मुकदमे को ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेश और निर्णयों के संबंध में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि वाद सूची के प्रकाशित होने के बाद 'बार' के सभी सदस्यों को उनके मोबाइल फोन पर सूची प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर उपलब्ध आदेश और निर्णय व्हाट्सएप के जरिये भेजे जाएंगे।

# पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने 'विभाजनकारी राजनीति' को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर साधा निशाना

**एजेंसी**
चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा का यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने के लिए हैं और अगर लोग यह मौका चूक गए तो फिर कोई चुनाव नहीं होगा। उन्होंने भाजपा पर उसकी "विभाजनकारी राजनीति" को लेकर निशाना साधा। मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलसूत्र वाली टिप्पणी के



लिए भी उनकी आलोचना की और कहा कि वोटों के लिए इस तरह का बयान देना शर्मनाक है।

मुख्यमंत्री ने ये टिप्पणी गुरदासपुर में एक चुनावी रैली के दौरान की, जहां आम आदमी पार्टी ने अमनशेर सिंह शेरी कलसी को मैदान में उतारा है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद सनी देओल फिलहाल इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

एक सभा को संबोधित करते हुए मान ने लोगों से पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर आप उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने ह भी कहा कि यह चुनाव जीतने और हारने के लिये नहीं है । यह संविधान बचाने के लिये है जिसे बी आर आम्बेडकर ने लिखा है ।

उन्होंने दावा किया, अगर हम यह मौका चूक गए और धार्मिक और नफरत भरे प्रचार के आधार पर वोट किया तो आप ध्यान दें कि आगे कोई चुनाव नहीं होगा, कोई मतदान नहीं होगा और केवल तानाशाही होगी ।

# राहुल-हेमा समेत 1200 से अधिक उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला आज

**एजेंसी**
नई दिल्ली

राहुल गांधी, हेमा मालिनी और ओम बिरला समेत 1200 से अधिक उम्मीदवारों के राजनीतिक किस्मत का फैसला लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को होगा। इस चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। लोकसभा चुनाव के शेष पांच चरण एक जून तक जारी रहेंगे और मतगणना चार जून को होगी।

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने कहा कि 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिलाएं और 5,929 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। लगभग 34.8 लाख मतदाता ऐसे हैं जो पहली बार अपना वोट डालेंगे। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष की उम्र वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता हैं।

चुनाव आयोग ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए बिहार के चार निर्वाचन क्षेत्रों के कई मतदान केंद्रों पर मतदान का समय बढ़ा दिया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एक उम्मीदवार के




निधन के कारण मध्य प्रदेश की बेतूल सीट पर मतदान तीसरे चरण के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। दूसरे चरण में मैदान में 1,202 उम्मीदवार हैं जिनमें 1,098 पुरुष, 102 महिला और दो तीसरे लिंग के हैं। चुनाव और सुरक्षाकर्मियों को लाने-ले जाने के लिए कम से कम तीन हेलीकॉप्टर, चार विशेष रेलगाड़ियां और लगभग 80,000 वाहन तैनात किए गए हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और शशि थरूर, अभिनेता से नेता बने अरुण गोविल लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में से हैं, जबकि भाजपा की हेमा मालिनी, ओम बिरला और गजेंद्र सिंह शेखावत की कोशिश अपने-अपने क्षेत्र से जीत की हैट्रिक बनाने की होगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने गहलोत सरकार के दौरान हुए पेपर लीक को देश के युवाओं के साथ बताया धोखा

**एजेंसी**
आगरा/जयपुर

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पूर्व विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) लोकेश शर्मा द्वारा गहलोत पर पेपर लीक समेत कई अन्य आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के युवाओं के साथ पेपर लीक से बड़ा कोई विश्वासघात नहीं हो सकता। शर्मा ने बुधवार को आरोप लगाया कि राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (आरईईटी) पेपर लीक मामले में गहलोत सरकार की संलिप्तता थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को आगरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राजस्थान में कथित पेपर लीक मामले और शर्मा के दावे का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने राजस्थान में हुए कथित प्रश्नपत्र लीक मामले का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी तब वहां के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी रहे एक सज्जन ने कल एक बड़ा चौंकाने वाला खुलासा किया है। वह कह रहे हैं कि राजस्थान में जो पेपर लीक हुआ था उसमें कांग्रेस की गहलोत सरकार खुद शामिल थी।

उन्होंने कहा कि इससे बड़ा पाप, इससे बड़ा धोखा मेरे देश के युवाओं के साथ और कुछ नहीं हो सकता। शर्मा ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर अपने तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की छवि खराब करने की साजिश रचने, पायलट और अन्य कांग्रेस नेताओं के फोन सर्विलांस पर रखने, रीट पेपर लीक में शामिल होने और पार्टी आलाकमान को अंधेरे में रखने का आरोप लगाया था।

शर्मा के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए जोधपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें आरोप की जानकारी नहीं है और मौजूदा माहौल में कौन क्या कहता है, इसकी चिंता नहीं होनी चाहिए। गहलोत ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मैं यह नहीं जानता। स्टाफ में कौन रहता है और कौन नहीं, इस पर मैं ध्यान नहीं देता। किसी को इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि देश के वर्तमान माहौल में कौन क्या कहता है।

प्रधानमंत्री की आज की टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने लाल डायरी को मुद्दा बनाया था और अब उसी तरह से मुद्दा (फोन टैपिंग में उनकी कथित संलिप्तता) बनाया जा रहा है।



उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के पास कुछ नहीं था इसलिए वह लाल डायरी मुद्दा लेकर आए थे। हमें (पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले) पता था कि प्रधानमंत्री सीकर आने वाले हैं और वहां इसका (लाल डायरी) जिक्र करेंगे। उन्होंने कहा कि उसी तरह प्रधानमंत्री अब उन्हें (लोकेश शर्मा) उद्धत कर रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री के बारे में कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, उन्हें सोचना चाहिए कि वह देश के प्रधानमंत्री हैं, अकेले भाजपा के नहीं। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने पिछले साल जुलाई में दावा किया था कि उनके पास एक लाल डायरी है जिसमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री (तत्कालीन मुख्यमंत्री गहलोत) के अनियमित वित्तीय लेनदेन का विवरण है। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने इसे मुद्दा बनाया था। शर्मा के खुलासे पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जिस तरह से गहलोत के पूर्व ओएसडी ने चीजों का खुलासा किया है वह सबके सामने है और लोग कांग्रेस को जवाब देंगे। भाजपा कार्यालय में बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से बातचीत में शर्मा ने कहा गहलोत के पूर्व ओएसडी ने कल जो कहा है, उस पर मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता...वह सबके सामने है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि लोग भ्रष्टाचार, युवाओं के साथ विश्वासघात और कांग्रेस के तुष्टीकरण का जवाब देना चाहेंगे।

राजस्थान में भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि कांग्रेस ने जो पाप किए हैं, वे अब लोगों के सामने आ रहे हैं। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अब लोगों को पता चल गया है कि उन्होंने ऐसी आपराधिक मानसिकता वाले लोगों को सत्ता सौंपी थी।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने भी गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व ओएसडी के आरोपों से मारवाड़ के छद्म गांधी का चेहरा बेनकाब हो गया है। उन्होंने कहा, राजस्थान की राजनीति के इतिहास में यह पहली घटना थी जब किसी सरकार के मुखिया ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए सभी नियमों की अनदेखी की और अवैध रूप से जन प्रतिनिधियों के फोन टैप कराए।

# पंजाब में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद 321.51 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ, नकदी और अन्य कीमती वस्तुएँ जब्त : सिबिन सी

## अमृतसर में सबसे अधिक 60.3 करोड़ रुपए की बरामदगियां

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

लोक सभा मतदान 2024 के दौरान राज्य में चुनाव मयार्दा को कायम रखने के लिए किये जा रहे यत्नों के अंतर्गत इनफोरसमैंट एजेंसियों ने व्यापक कार्यवाही करते हुये 16 मार्च को आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक 321.51 करोड़ रुपए की नकदी, शराब, नशीले पदार्थ, कीमती वस्तुएँ और अन्य समान जब्त किया है।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि अब तक कुल 321.51 करोड़ रुपए की बरामदगियां की गई हैं जिनमें 6.89 करोड़ रुपए की नकदी, 14.93 करोड़ रुपए कीमत की 22.8 लाख लीटर शराब, 287. 23 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ, 11.37 करोड़ रुपए की कीमती वस्तुएँ और 1.09 करोड़ रुपए का अन्य समान जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में 24 इनफोरसमैंट एजेंसियाँ सक्रियता से काम कर रही हैं। इन बरामदगियों में पंजाब पुलिस की तरफ से सबसे अधिक 276.19 करोड़ रुपए, सीमा सुरक्षा बल की तरफ से 22.85 करोड़ रुपए, आबकारी विभाग की तरफ से 7.21 करोड़ रुपए, वस्तुएँ और सेवा कर विभाग की तरफ से 5 करोड़ रुपए, कस्टम विभाग की तरफ से 4.37 करोड़ रुपए, आमदन कर विभाग की तरफ से 4.08 करोड़ रुपए और नारकोटिकस कंट्रोल ब्यूरो की तरफ से 1.76 करोड़ रुपए की जब्तियां की गई हैं। जिलों में से अमृतसर जिले में सबसे अधिक 60.3 करोड़ रुपए, तरन तारन जिले में 53.74 करोड़ रुपए, फ़िरोजपुर जिले में 49.34 करोड़ रुपए और फाजिल्का जिले में 41.71 करोड़ रुपए की बरामदगियां की गई हैं।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पूरा करने की वचनबद्धता दोहराई**

इसी तरह लुधियाना जिले में 25.42 करोड़ रुपए, पठानकोट में 21.4 करोड़ रुपए, जालंधर में 17.34 करोड़ रुपए, संगरूर में 11 करोड़ रुपए, गुरदासपुर में 10.38 करोड़ रुपए, कपूरथला में 6.02 करोड़ रुपए, होशियारपुर में 4.89 करोड़ रुपए, बठिंडा में 3.94 करोड़ रुपए और साहिबजादा अजीत सिंह नगर में 3.90 करोड़ रुपए की बरामदगियां की हैं।

उधर बरनाला जिले में 2.2 करोड़ रुपए, मोगा में 2.05 करोड़ रुपए, पटियाला में 1.47 करोड़ रुपए, रूपनगर में 1.33 करोड़ रुपए, श्री मुक्तसर साहिब में 1.26 करोड़ रुपए, मानसा में 1 करोड़ रुपए, शहीद भगत सिंह नगर में 81.8 लाख रुपए, मालेरकोटला में 70 लाख रुपए, फरीदकोट में 67 लाख रुपए और फतेहगढ़ साहिब में 59 लाख रुपए की जब्तियां की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार राज्य में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग के साथ चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समूचे स्टाफ की वचनबद्धता को दोहराया है। सिबिन सी ने चुनाव प्रक्रिया में इमानदारी और पारदर्शिता की महत्ता का जिक्र करते हुये लोकतंत्रीय सिद्धांतों को कायम रखने के लिए सभी चुनाव कर्मियों की तरफ से किये जा रहे अथक यत्नों को इसी तरह बनाई रखने की वचनबद्धता जतायी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्रीय सिद्धांतो की रक्षा और वोटरों के भरोसे को कायम रखने के लिए समूचा चुनाव विभाग पूरी वचबद्धता से काम कर रहा है।

# जेल में अमृतपाल सिंह के परिवार ने की उससे मुलाकात

एजेंसी
डिब्रूगढ़

असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह के परिवार के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को उससे मुलाकात की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले, अमृतपाल सिंह के अधिवक्ता ने बुधवार को दावा किया कि वह (सिंह) पंजाब की खडूर साहिब सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ेगा।



अधिकारियों के मुताबिक अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह, चाचा सुखचैन सिंह, पत्नी किरणदीप कौर और अन्य रिश्तेदार सुबह डिब्रूगढ़ पहुंचे। बाद में उनमें से कुछ लोग अमृतपाल से मिलने के लिए डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार गए।

अधिकारियों ने बताया कि गेट पर अमृतपाल के परिवार के सदस्यों की गहन सुरक्षा जांच की गई, साथ ही सहायक जेलर नयन ज्योति दत्ता ने उनके पास मौजूद दस्तावेजों की भी जांच की। वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और उसके खिलाफ सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया था। अमृतपाल अपने नौ सहयोगियों के साथ फिलहाल डिब्रूगढ़ जेल में बंद है।

अमृतपाल के सहयोगियों में से एक पपलप्रीत सिंह के पिता अमरजीत सिंह भी इस दौरान अमृतपाल के परिवार के साथ थे। अमृतपाल सिंह के अधिवक्ता राजदेव सिंह खालसा ने दावा किया कि उन्होंने बुधवार को डिब्रूगढ़ जेल में उपदेशक से मुलाकात की और उनसे चुनाव लड़ने का अनुरोध किया।

खालसा ने दावा करते हुए कहा था, ह्यह्यमैं आज डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार में भाई साहब (अमृतपाल सिंह) से मिला और मुलाकात के दौरान मैंने उनसे अनुरोध किया कि ह्यखालसा पंथह्न के हित में, उन्हें इस बार संसद सदस्य बनने के लिए खडूर साहिब से चुनाव लड़ना चाहिए। भाई साहब ने पंथ के हित में मेरा अनुरोध स्वीकार कर लिया... वह एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे।

# एन.आर.आई. थाने के एस.एच.ओ. का रीडर 20,000 रुपए की रिश्वत लेता हुआ विजीलैंस ब्यूरो द्वारा काबू

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी मुहिम के दौरान पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने आज एस.एच.ओ. एन.आर.आई. थाना लुधियाना के रीडर के तौर पर तैनात सिपाही बलराज सिंह को 20,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त पुलिस कर्मचारी को एडवोकेट अरुण कुमार खुरमी, निवासी उपकार नगर, सिविल लाईन्ज लुधियाना की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है।



उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो से सम्पर्क करके दोष लगाया है कि गाँव उधोवाल, तहसील समराला, जिला लुधियाना में उसकी पत्नी के नाम पर 20 कनाल जमीन है, जिस पर दो व्यक्तियों ने जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश की और इस जमीन में खड़े पापूलर के पेड़ भी चोरी कर लिए।

शिकायतकर्ता ने इस सम्बन्धी पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई थी, जोकि एस.एच.ओ एन.आर.आईज सैल, लुधियाना के पास पड़ी है। उसने आगे दोष लगाया कि पुलिस ने उसकी शिकायत पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की और एस.एच.ओ. एन.आर.आईज थाने के रीडर बलराज सिंह ने इस पर कार्यवाही करवाने के बदले एक लाख रुपए की रिश्वत की माँग की। शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि उक्त मुलजिम ने उसे रिश्वत के तौर पर 20,000 रुपए पहले और 80,000 रुपए अगले हफ्ते तक देने के लिए कहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता के बयानों की पड़ताल के उपरांत उक्त मुलजिम के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत थाना विजीलैंस ब्यूरो रेंज लुधियाना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इसके उपरांत विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर सिपाही बलराज सिंह को एन.आर.आई. थाना लुधियाना के बाहर से दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 20,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। इस केस में आगे की जांच के दौरान एस.एच.ओ. एन.आर.आई. थाना की भूमिका की भी पड़ताल की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि मुलजिम को कल अदालत में पेश किया जायेगा।

# सनातन धर्म-अध्यात्म एवं संस्कृति संरक्षण-संवर्धन प्रयासों को बताया अनुकरणीय

सिटी दर्पण
बाँसवाड़ा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक विकास राज एवं जिला प्रचारक गोविन्द सिंह ने श्री पीताम्बरा आश्रम का अवलोकन किया और सनातन धर्म-अध्यात्म एवं परम्परागत वैदिक संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के लिए किए जा रहे निरन्तर एवं अनथक प्रयासों की सराहना की।



विभाग प्रचारक एवं जिला प्रचारक ने आश्रम स्थित श्री हनुमत्पीठ परिसर में भगवान श्री हनुमानजी के दर्शन किए और पुष्पहार पहनाकर राष्ट्र के बहुविध मंगल की कामना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह मनोज शर्मा एवं अन्य कार्यकताओं ने भी दर्शन किए तथा आश्रम में संचालित आध्यात्मिक समागम में हिस्सा लिया।

गायत्री मण्डल की ओर से मुख्य संरक्षक, पूर्व आयुक्त दिलीप गुप्ता, संरक्षक एवं वयोवृद्ध आध्यात्मिक चिन्तक पं. नरहरिकान्त आर. भट्ट, उपाध्यक्ष मनोहर जोशी एवं सचिव विनोद शुक्ल ने विभाग प्रचारक विकास राज एवं जिला प्रचारक गोविन्द सिंह को उपरणा पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया। मुख्य संरक्षक दिलीप गुप्ता ने गायत्री मण्डल के उद्देश्यों तथा श्री पीताम्बरा आश्रम की विभिन्न गतिविधियों, निर्माण, विकास एवं विस्तार कार्यों तथा भावी योजनाओं आदि के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

आरंभ में एड्वोकेट राजेन्द्र शुक्ल, कार्यकारिणी सदस्य अरुण व्यास तथा अन्य पदाधिकारियों और श्री पीताम्बरा आश्रम के कार्यक्रम समन्वयक पं. मनोज नरहरि आर. भट्ट, पं. चन्द्रेश व्यास, द्रोमिल त्रिवेदी, अरविन्द पाठक, अनिल पण्ड्या आदि ने सभी का स्वागत किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### इलाका प्रभारी आम आदमी पार्टी कैप्टन शेर सिंह ने टीम के साथ चुनाव प्रचार किया तेज



राजपुरा। पंजाब में होने वाले लोकसभा चुनाव को चाहे एक महीने से ज्यादा समय पडा है पर इलाका प्रभारी राजपुरा कैप्टन शेर सिंह ने आम आदमी पार्टी के पटियाला लोकसभा सीट से उम्मीदवार डा बलबीर सिंह को भारी मतों से जिताने के लिये अपनी टीम के साथ शहरी इलाके के साथ गावों में पहुंच कर घर घर चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। कैप्टन शेर सिंह इलाका प्रभारी आम आदमी पार्टी ने गांव फरीदपुर, बलसुआ में डोर टू डोर अपनी टीम के सदस्यों करनैल पुरी, चन्नण ड्ढसह सहित अन्य वलंटियर के साथ चुनाव प्रचार करते हुये बताया कि जब से भगवंत मान जी की सरकार पंजाब में आई है तब से आम आदमी पाट्री ने अपने वादे पूरे कर दिये है जिससे लोगों में काफी खुशी का माहौल है। कैप्टन शेर सिंह ने बताया कि आज पंजाब में ७०-८० प्रतिशत लोगों का बिजली का बिल जीरों आने से लोगों को बहुत बढी राहत महसूस हो रही है। जिससे लोगों का अपने घर का चूल्हा जलाने में आसानी हो रही है। गांव गांव में मुहल्ला कलीनिक खुल जाने से लोगों को अपने घर के नजदीक बढिया सेहत सुविधायें मिल रही है। मान सरकार ने जो दो वर्ष में विकास कार्य करवाये है उससे लोगों में काफी खुशी है। आज लोग में अतना जोश देखने को मिल रहा है कि १ जून को वोटों का इंतजार कर रहे हे ताकि पंजाब की सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों को जिता कर भेजे जिससे केंद्र की मोदी सरकार की धक्केशाही समाप्त हो सके।

### स्मार्ट माइंड स्कूल के विद्यार्थियों ने पृथ्वी दिवस पर पौधे लगाने का दिया संदेश



राजपुरा । स्मार्ट माइंड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की और से विश्व पृथ्वी दिवस स्कूल के प्रांगण में मनाया गया। इस दिन बच्चों में जागरूकता फैलाने के लिए विशेष कार्यक्रम रखा गया जिसमें बच्चों ने चित्रकारी के माध्यम से अपनी प्रतिभा को दशार्या कि आज पृथ्वी को बचाने के लिए क्या करने की जरूरत है। इसके अतिरिक्त इस दिन विधालय में बच्चों को अर्थ डे पर विस्तृत जानकारी देने के लिए एक सेमीनार का भी आयोजन किया गया. जिसमें सैल्यूट दा ट्री संस्था के संस्थापक साहिल शर्मा ने पहुंचकर बच्चों को बड़े ही रोचक ढंग से पेड़-पौधों के देखभाल संबंधी जानकारी दी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया. अंत मे स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती विनीता डाहरा ने साहिल शर्मा का धन्यवाद दिया जिन्होंने अपना कीमती समय हमारे बच्चों को प्रेरित करने के लिए दिया. इस उपरांत प्रिंसिपल महोदय ने बच्चों व अध्यापकों के साथ पौधारोपण किया और बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि अगर पृथ्वी रहेगी तो इंसान भी रहेगा क्योंकि आज पृथ्वी पर बड़ा संकट आ गया है। जिस तरह से धड़ाधड़ हरे भरे पेड़ों की कटाई हो रही है उससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है, इससे पृथ्वी को नुकसान पहुंच रहा है। इस मौके पर चित्रकारी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्कूल प्रबंधन की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया।

### जमीन के इंतकाल के बदले 10,000 रुपए रिश्वत लेता हुआ पटवारी विजीलैंस ब्यूरो द्वारा काबू

चंडीगढ़। पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही मुहिम के दौरान गुरूवार को अमृतसर के राजस्व हलका गुमानपुरा सर्किल में पटवारी के तौर पर तैनात रिपुदमन सिंह को गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए राज्य विजीलैंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त राजस्व कर्मचारी को सुखदेव सिंह निवासी गाँव गुमानपुरा, अमृतसर द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो से सम्पर्क करके दोष लगाया कि मुलजिम पटवारी ने उसकी जमीन का इंतकाल राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने के बदले 10,000 रुपए रिश्वत की माँग की है। प्रवक्ता ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ के बाद विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया जिसमें उक्त पटवारी को दो सरकारी गवाहों की हाजिरी में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। इस सम्बन्ध में मुलजिमों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत विजीलैंस ब्यूरो के थाना अमृतसर रेंज में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 20,000 रुपए की रिश्वत लेता हुआ सीनियर सहायक विजीलैंस ब्यूरो द्वारा काबू

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही मुहिम के दौरान पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने आज जिला सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधिकारी, लुधियाना के दफ्तर में तैनात सीनियर सहायक अमनदीप सिंह को 20,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है।



इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मुलजिम को सतीश कुमार निवासी गाँव किशनपुरा, तहसील डेराबसी, एस.ए.एस. नगर द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि उक्त शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो लुधियाना यूनिट की आर्थिक अपराध शाखा (ई.ओ.डब्ल्यू.) से सम्पर्क करके दोष लगाया कि उक्त कर्मचारी ने उसकी लडकी के जाति सर्टिफिकेट की जांच में मदद करने के बदले उससे एक लाख रुपए की रिश्वत की माँग की है। उसने आगे बताया कि उक्त मुलजिम पहले भी उससे 20,000 रुपए ले चुका है, जो ऐनो ऐप के द्वारा उसके बैंक खाते में भेजे गए थे और अब वह रिश्वत की बाकी रकम की माँग कर रहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक पड़ताल के बाद ई.ओ.डब्ल्यू. की विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर उक्त मुलजिम को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में रिश्वत की दूसरी किश्त के तौर पर 20,000 रुपए लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया।

उन्होंने आगे बताया कि इस सम्बन्धी उक्त मुलजिम के खिलाफ विजीलैंस ब्यूरो के थाना ई.ओ.डब्ल्यू. लुधियाना यूनिट में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। मुलजिम को कल अदालत में पेश किया जाएगा और इस मामले में आगे की कार्यवाही जारी है।

# पंजाब विधान सभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां द्वारा सुरजीत सिंह मिनहास के देहांत पर गहरा दुख व्यक्त

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



पंजाब विधान सभा के स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब विधान सभा के पूर्व स्पीकर स. सुरजीत सिंह मिनहास के देहांत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। यहाँ से जारी बयान में विधान सभा स्पीकर ने कहा कि स. सुरजीत सिंह मिनहास ने पंजाब के संसदीय मामलों और सिंचाई एवं बिजली विभागों के राज्य मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं निभाई थीं। उन्होंने कहा कि स. मिनहास 02 जून, 1986 को पंजाब विधान सभा के स्पीकर चुने गए। वह विभिन्न राजनीतिक आंदोलनों में शामिल रहे और उन्होंने अलग-अलग राजनीतिक, धार्मिक और शैक्षिक कॉन्फ्रेंसों में हिस्सा लिया। स. संधवां ने कहा कि स. मिनहास द्वारा पंजाब के लोगों और राज्य की भलाई के लिए निभाई गई यादगारी सेवाओं के कारण हमेशा सम्मान सहित याद रखा जाएगा। स्पीकर ने ईश्वर के समक्ष प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में शाश्वत निवास प्रदान करें और परिवार को ईश्वरीय आदेश मानने का बल प्रदान करें।

# सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी मामले में मुंबई पुलिस ने पंजाब में दो लोगों को गिरफ्तार किया

एजेंसी
चंडीगढ़/मुंबई

मुंबई में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर हाल में हुई गोलीबारी के संबंध में मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को पंजाब में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुभाष चंद्र (37) और अनुज थापन (32) ने 15 मार्च को गोलीबारी करने वालों को हथियार उपलब्ध कराए थे। अधिकारी ने कहा कि दोनों को अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार कर लिया और उन्हें मुंबई ले जाया जा रहा है। इस बीच, मुंबई की एक अदालत ने सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी के मामले में गिरफ्तार दो लोगों की पुलिस हिरासत 29 अप्रैल तक बढ़ा दी। बिहार के रहने वाले आरोपी विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) को उनकी पिछली हिरासत बृहस्पतिवार को समाप्त होने के बाद यहां मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया।



गुप्ता और पाल 14 अप्रैल की सुबह बांद्रा में गैलेक्सी अपार्टमेंट में खान के आवास के बाहर गोलीबारी के बाद मोटरसाइकिल से फरार हो गए थे। आरोपियों को 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ जिले के माता नो मध गांव से पकड़ा गया था। बाद में, मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गोलीबारी में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए हथियारों को बरामद करने के लिए एक तलाशी अभियान के दौरान गुजरात में तापी नदी से दो पिस्तौल, मैगजीन और गोलियां बरामद कीं। मुंबई पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को भी मामले में वांछित आरोपी घोषित किया है।

**मौसम** | **मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने हीट वेव से बचाव के प्रबंधों के संबंध में प्रशासनिक सचिवों के साथ की अहम बैठक**

# मई-जून के दौरान हरियाणा में सामान्य से अधिक तापमान रहने की सम्भावना

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव श्री टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने प्रशासनिक सचिवों को कहा कि आगामी गर्मी के मौसम में निर्माण स्थलों और ईंट-भट्ठों आदि पर काम करने वाली महिलाओं, खासकर उनके छोटे बच्चों, मजदूरों और मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों को लू से बचाने के लिए हर सम्बन्धित विभाग द्वारा ऐसी योजना बनाई जाए, जिससे कि समाज के इन जरूरतमंद वर्गों को अधिक से अधिक राहत मिल सके। इसके अलावा, बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखा जाए।



मुख्य सचिव आज यहां हीट वेव को लेकर की गई आवश्यक तैयारियों के सम्बन्ध में सभी संबंधित विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों और प्रधान सचिवों के साथ एक समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में मौसम विभाग के अधिकारी ने मई से जून तक हरियाणा में सामान्य से अधिक तापमान रहने की सम्भावना जताई है।

मुख्य सचिव श्री टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा मजदूरों और उनके बच्चों के लिए ऐसी योजना बनाई जाए जिससे कि उन्हें अधिक से अधिक राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा कामगार कल्याण बोर्ड के पास पर्याप्त बजट उपलब्ध है और राहत कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने ऐसे मजदूरों और उनके बच्चों के लिए धर्मशाला, सामुदायिक केन्द्र और क्रैच आदि की भी व्यवस्था करने के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था पर भी बल दिया।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल ने बताया कि विभाग ने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर ओआरएस कॉर्नर बनाने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, अस्पतालों में लू और गर्मी से बचाव के लिए सभी दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सभी सिविल सर्जनों को अतिरिक्त धनराशि भी जारी की गई है ताकि जरूरत पड़ने पर वे इसका इस्तेमाल कर सकें। साथ ही, अस्पतालों में ठंडे स्थानों पर बैड भी लगाए गए हैं।

पर्यावरण, वन एवं वन्यप्राणी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनन्द मोहन शरण ने बताया कि जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए मोरनी और कलेसर अग्निशमन प्रणाली को दुरुस्त किया गया है। इसके अलावा, विभाग द्वारा ऐसी घटनाओं की निगरानी के लिए दो नोडल अधिकारी भी लगाए गए हैं। बैठक में ऊर्जा और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री ए के सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम के दृष्टिगत बिजली और पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा, प्रदेशभर में ऊर्जा संरक्षण के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है।

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सब का
न्वोन्मेषक: स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक: सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क: 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अहम भूमिका निभाएगी युवा शक्ति : सुमन सैनी

## करनाल में युवाओं के बीच पहुंच मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने की भाजपा के लिए वोट की अपील





सिटी दर्पण
करनाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने और मजबूत बनाने के लिए युवाओं का एक-एक वोट बहुत कीमती है। युवा देश का भविष्य हैं और युवा अपने वोट का सही इस्तेमाल करें ताकि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और अधिक मजबूत हो।

करनाल के कर्ण कैनाल में करनाल विधानसभा उप-चुनाव के प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी भाजपा आईटी सेल के जिला अध्यक्ष विकास कथूरिया एवं अर्चना कथूरिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। यहां उपस्थित युवाओं को आह्वान करते हुए सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी एवं पूर्व मुख्यमंत्री व लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को करनाल में भारी मतों से विजयी बनाएं। इसके अलावा उन्होंने जुंडला गेट में खुर्शीद आलम व रजनी परोचा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की।

सुमन सैनी ने कहा कि युवा राष्ट्रहित के लिए मतदान करें और देश को सुरक्षित हाथों में दें। नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से देश को आगे बढ़ाया है और पूरे विश्व में आज भारत अपनी अलग पहचान बना चुका है। आने वाले 5 साल का समय वह समय है जब देशहित के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बड़े निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश में बेटियां सुरक्षित माहौल में हैं और हर क्षेत्र में आगे बढकर देश का नाम रोशन कर रही है। अब युवा देशहित में अपने कर्तव्य का निर्वहन करें और देशहित में मतदान करें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करें। करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को विजयी बनाकर लोकसभा में भेजें और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी करनाल के विकास को गति देने के लिए नायब सैनी को भारी मतों से जिताएं।

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना कांबोज, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, रेखा आनंद, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, पूर्व पार्षद मोनिका गर्ग, पूर्व पार्षद वीर विक्रम कुमार, श्याम बत्रा, प्रियंका काठपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# समाज को मजबूत बनाने में वकीलों की अहम भूमिका : मनोहर लाल



सिटी दर्पण
करनाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि समाज को मजबूत बनाने में वकीलों की अहम भूमिका है। वकीलों का पेशा बहुत ही पवित्र तथा महत्वपूर्ण है। देश को आजादी दिलाने से लेकर वर्तमान में राजकाज में वकीलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वकीलों को समाज सेवा में खुलकर आगे आना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल करनाल के कर्ण कमल कार्यालय में आयोजित अधिवक्ता परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वकीलों ने मनोहर लाल का जोरदार स्वागत किया और लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल व विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को भारी मतों से जितवाने की बात कही। मनोहर लाल ने कहा कि अनादिकाल से लेकर आज भी समाज का न्यायिक प्रणाली पर भरोसा बना हुआ है, क्योंकि उन्हें पता है कि अगर उनके साथ कुछ गलत होगा तो न्यायिक प्रणाली से उसे न्याय अवश्य मिलेगा। इसलिए न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से लगातार देश सेवा में लगे हैं। भाजपा ने देश और प्रदेश में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए जनता के हित में अनेकों निर्णय लिए हैं। अब नरेंद्र मोदी को फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है जिसके लिए देश की जनता उनका पूरा साथ देगी। इस अवसर पर कंवरप्रीत, अशोक सिरसी, कैलाश चौहान, नरेश राणा, सुरेश गोंदर, भानु प्रताप, यशवीर, संदीप चौधरी, विनोद राणा, चंद्रपाल चौहान, संजय मदान, रोहित शर्मा, राजेश शर्मा, दिनेश व गिरधारी लाल सहित काफी संख्या में वकील मौजूद रहे।

# कुवि के प्रबंधन अध्ययन संस्थान द्वारा क्वेस्ट फॉर हैप्पीनेस व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित



सिटी दर्पण
कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संस्थान द्वारा गुरुवार को कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में क्वेस्ट फॉर हैप्पीनेस विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. डी.डी. अरोड़ा, डॉ. राजन शर्मा, डॉ. सलोनी पी. दीवान, आदित्य झा और श्री प्रेम के साथ संस्थान के संकाय सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। संस्थान के संस्थापक निदेशक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. डी.डी. अरोड़ा ने श्रीमद्भगवदगीता से जीवन के सबक पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गीता के अनुसार इस संसार में कुछ भी स्थिर नहीं है, इसमें हमेशा परिवर्तन होते रहते हैं। यदि गीता की इस बात को ठीक से समझें, तो इसका सार यह है कि यदि जीवन में दुःख है, तो वह हमेशा नहीं रहेगा। जीवन का यह कठिन समय भी सुख में जरूर बदलेगा, हमें बस हर परिस्थिति में अपना कर्तव्य करते रहना होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, गीताक्वेस्ट के संस्थापक, आदित्य झा ने संस्थान के छात्रों को श्रीमद्भगवदगीता के कालातीत ज्ञान को समझने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि प्रौद्योगिकी, अन्तरक्रियाशीलता और विद्वतापूर्ण अंतर्दृष्टि के मिश्रण से हम ऐसा कर सकते हैं।

# नशा बेचकर कमाया धन न केवल केवल पाप अपितु राष्ट्र के लिए घातक: डॉ. वर्मा

सिटी दर्पण
कुरुक्षेत्र



हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों को सलाखों का मार्ग दिखा रही है तो दूसरी और नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भी युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वर्ष 2023 में ब्यूरो और पुलिस द्वारा 3823 अभियोग अंकित कर 5460 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है। इतना ही नहीं हरियाणा में 87 नशा तस्करों पर कठोरतम कार्रवाई करते हुए उन द्वारा नशा बेचकर कमाई सम्पति पर पीला पंजा चलाया गया और कब्जे में लिया गया है। नशा अपराधियों को आर्थिक रूप से भी कमजोर करने के साथ साथ कठोर दंड दिलवाने के लिए हरियाणा पुलिस और एनसीबी हरियाणा मिलकर कार्य कर कर रही है। केवल अपराधियों को पकड़कर नशा मुक्त समाज की परिकल्पना स्वप्न के समान है। इस कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होने की आवश्यकता है। इसीलिए हरियाणा पुलिस और एनसीबी हरियाणा नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से भी नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक कर रही है। प्रतिबंधित नशों में ड्रग्स का नशा मनुष्य के तन और मन को पूर्ण रूप से नष्ट कर देता है। ये शब्द हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहे। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुड़ी कुमार के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि आज का युवा शीघ्र रातों रात अपने सब सपने पूर्ण करना चाहता है और बुराई के मार्ग पर चलकर ऐसा करने का प्रयास करता है तो वह समाज और राष्ट्र से कट जाता है। रुपया कमाना बुरा नहीं है लेकिन गलत तरीके से रुपया कमाना न केवल पाप है अपितु सामाजिक बुराई है जो राष्ट्र को धीरे धीरे दीमक की भांति क्षति पहुंचाती है। उन्होंने युवाओं के भीतर संस्कार और राष्ट्र प्रेम की भावना उजागर करते हुए कहा कि नशे के व्यापार से कमाया गया धन न केवल व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए कलंक है अपितु की उन्नति में सबसे बड़ी बाधा है। नशे के तस्करों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर दी जा सकती हैं। नशा छोड़ने वाले भी इस पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका सुखवीर कौर, रेनू बाला, प्रीती कलिप, ममता जांगड़ा, संध्या, गुरविंद्र कौर, रीटा आनंद, संजीव कुमार सहित 157 विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह कुरुक्षेत्र जिले में नशे के विरुद्ध 302 वां जागरूकता कार्यक्रम था। ब्यूरो के डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कुरुक्षेत्र में साइकिल यात्रा निकालकर भी लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया।

## पीएम नरेंद्र मोदी अगर मंगलसूत्र का महत्व समझते तो ऐसी अनैतिक बातें नहीं करतेः कुमारी सैलजा

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों राजस्थान की एक चुनावी रैली में कहा था कि कांग्रेस महिलाओं के गहने और मंगलसूत्र लेकर पैसा ऐसे लोगों में बांट देगी जिनके अधिक बच्चे हैं, जो घुसपैठिए हैं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी अगर मंगलसूत्र का महत्व और महिलाओं की कुबार्नी को समझते तो ऐसी अनैतिक बातें नहीं करते। कुमारी सैलजा ने कहा कि कई दिनों से हर चुनावी रैली में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा कहा जा रहा है कि कांग्रेस आपसे आपका मंगलसूत्र, आपका सोना और आपका पैसा छीनकर ऐसे लोगों में बांट देगी जिनके अधिक बच्चे हैं, जो घुसपैठिए हैं। भाजपा महिलाओं के संघर्ष को कभी नहीं समझ सकती। ये वोट और सत्ता की खातिर कुछ भी कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं को गुमराह कर उनके वोट हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि किसान पर जब कर्ज चढ़ता है तो उसकी पत्नी अपना मंगलसूत्र गिरवी रखती है। बच्चों की शादी होती है या दवाई की जरूरत होती है तो महिलाएं अपने गहने गिरवी रखती हैं। यह बात ये भाजपा वाले नहीं समझते। उन्होंने कहा कि जब मणिपुर में एक सैनिक की पत्नी को निर्वस्त्र करके घुमाया गया तब प्रधानमंत्री चुप थे, कुछ नहीं बोले। महिलाओं के प्रति अगर इतना ही मान सम्मान है तो उन्हें बोलना चाहिए था। जब देश में लॉकडाउन लगाया था तब मजदूर देश भर से अलग-अलग जगहों के लिए पैदल निकले, तब इन्होंने ट्रेनें-बस बंद कर दीं। जब खाना नहीं मिल रहा था, जब कोई चारा नहीं था, तब महिलाओं ने अपने गहने गिरवी रखे। तब मोदी जी कहां थे?

# निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के दृष्टिगत पीओ तथा एपीओ के पांचवे और छठे समूह को दी गई ट्रेनिंग

सिटी दर्पण
करनाल



उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में लोकसभा और करनाल विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत वीरवार को स्थानीय डा. मंगलसेन सभागार में पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) के पांचवें और छठे समूह को ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में दयाल सिंह कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर दिनेश कुमार और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने उपस्थित पीठासीन (पीओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) को चुनाव संबंधी हर पहलू पर विस्तृत जानकारी दी।

ट्रेनर के तौर पर उपस्थित रहे दोनों वक्ताओं ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाने के लिए बल देते हुए कहा कि चुनाव शुरू होने से पहले किया जाने वाला मॉक पोल चुनाव को पारदर्शी बनाने की सबसे अहम कसौटी है। विभिन्न राजनीतिक दलों के पोलिंग एजेंटों के समक्ष अपनाई जाने वाली इस प्रक्रिया की अहमियत को बताते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को अपनाने से चुनाव करवाना बेहद सरल हो जाता है और ड्यूटी के दौरान चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार हमारे द्वारा अपनाए जा रहे हर प्रोसेस की विश्वसनीयता बढ़ती है।

चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार मॉक पोल के दौरान 50 वोट डलवाना सुनिश्चित करें। मॉक पोल के दौरान डाले गये वोट और वीवी पैट से निकलने वाली पर्चियों व कंट्रोल यूनिट में कुल वोट के मिलान होने पर पोलिंग एजेंट के हस्ताक्षर भी करवाएं तथा मॉक पोल का रिकार्ड सुरक्षित रखें। इसके उपरांत ईवीएम को क्लियर बटन दबाकर पुनः पोलिंग के लिए तैयार करें।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे चुनाव संबंधी हैंडबुक का भी अध्ययन जरूर करें, इससे चुनाव करवाने में आसानी होगी और ड्यूटी संबंधी हर विषय की विस्तृत जानकारी मिलेगी। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने मतदान खत्म होने पर ईवीएम तथा वीवीपैट को सील करने के तरीके की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यदि कोई नेत्रहीन मतदाता ब्रेल लिपि पढ़ने में सक्षम है तो उसे ब्रेल बैलेट पेपर उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने टेंडर वोट, चैलेंजिंग वोट, मतदाता पहचान पत्र के दस्तावेज, प्रयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के फार्म, पोस्टल वोट, माइक्रो पर्यवेक्षक, पोलिंग बूथ के अंदर प्रवेश करने वाले अधिकृत लोगों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर द्वारा सीयू/बीयू, वीवीपैट के बारे में भी अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

# संपत्ति सत्यापन कार्य धीमी गति से करने वालों पर होगी कार्रवाई : डा. विजयपाल यादव

सिटी दर्पण
|मुनानगर



नगर निगम क्षेत्र की संपत्तियां शत प्रतिशत सत्यापित करने के लिए निगम कर्मी घर-घर जाकर शहरवासियों की संपत्तियां सत्यापित कर रहे हैं। इनके अलावा निगम के वार्डों में शिविर लगाकर भी संपत्ति सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों में भी संपत्ति सत्यापित की जा रही है और लोगों द्वारा दर्ज आपत्तियों का समाधान किया जा रहा है। संपत्तियां सत्यापन कार्य में जुटे निगम कर्मचारियों को वीरवार को उप निगम आयुक्त डा. विजय पाल यादव ने बैठक ली। उन्होंने सभी कर्मचारियों को संपत्तियां सत्यापन कार्य में तेजी लाकर जल्द से जल्द इसे निपटाने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने चेतावनी दी कि जो कर्मचारी धीमी गति से कार्य कर रहे है, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अब तक निगम क्षेत्र की 210843 संपत्तियों में से 55218 संपत्तियां सत्यापित की जा चुकी है। दिनभर में कर्मचारियों ने 957 संपत्तियां सत्यापित की। बैठक के दौरान उप निगम आयुक्त डा. विजय पाल यादव ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जो कर्मचारी रोजाना 25 संपत्तियों से कम संपत्तियां सत्यापित कर रहे है, वह इस कार्य में तेजी लाए। ऐसा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे उनके घर आ रहे निगम कर्मियों का संपत्ति सत्यापन कार्य में सहयोग करें। संपत्ति सत्यापन से संपत्ति मालिक का ही लाभ होगा। उन्हें भविष्य में भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। न ही उनकी संपत्ति व प्रॉपर्टी आईडी से कोई छेड़छाड़ कर सकेगा।

वीरवार को वार्ड नंबर 17 के कैंप स्थित सनातन धर्मशाला में शिविर लगाया गया। जहां दर्जनों लोगों ने अपनी संपत्तियां सत्यापित कराई। जबकि कई लोगों ने मोबाइल, प्लाट एरिया, नाम, पते समेत अन्य आपत्तियां दर्ज कराई। इसके अलावा सैकड़ों संपत्तियां निगम कर्मियों ने घर-घर जाकर सत्यापित की।निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि शुक्रवार को वार्ड 16 की नंदा कॉलोनी की हिमाचल हितकारी सभा, 27 मार्च को वार्ड 19 के विष्णु नगर स्थित माता भगवती धर्मशाला में संपत्ति सत्यापित शिविर लगाए जाएंगे। इसी तरह 29 अप्रैल को वार्ड 20 में ससौली के सरकारी स्कूल में, 30 अप्रैल को वार्ड 21 के कांसापुर स्थित परशुराम भवन में और एक मई को 22 वार्ड के कन्हैया चौक स्थित नगर निगम कार्यालय में संपत्ति सत्यापित शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में संपत्ति धारकों की संपत्तियों को सत्यापित किया जाएगा। साथ ही त्रुटियां ठीक करने के लिए आपत्तियां दर्ज की जाएगी।

# करनाल में 6 लाख 91 हजार 446 मीट्रिक टन गेहूं की आवक : उपायुक्त उत्तम सिंह

सिटी दर्पण
करनाल



उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 6 लाख 91 हजार 446 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई, जिसे सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदा गया। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 6 लाख 91 हजार 446 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 2 लाख 77 हजार 974 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3 लाख 55 हजार 339 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 58 हजार 133 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापरियों द्वारा 7 हजार 122 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया।

उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि क्रमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आएं ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने यह भी अपील की कि खेतों में फसल कटाई के बाद फानों में आग न लगाएं। आग लगाने से प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है और जमीन की उर्वरा शक्ति भी कम होती है। साथ ही फसलों के मित्र कीट भी नष्ट होते है।

मौसम

## उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश

# लू से बचाव को लेकर नागरिकों को करें जागरूक : उत्तम सिंह

सिटी दर्पण
करनाल

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने हीट-वेव यानि लू अथवा अत्यधिक गर्मी से बचाव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने एडवाइजरी को लेकर विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने लू से बचाव के लिए अधिकारियों को जरूरी कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त ने सभी प्रमुख विभागों को निर्देश दिए कि वे सरकार के निर्देशानुसार लोगों को लू से बचाव के लिए विशेष एक्शन प्लान तैयार करें और उसके बारे में लोगों को जागरूक करें।

उपायुक्त ने लू के चलते अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में गर्मी की लहर की स्थिति पर नजर रखें। हीट वेव के दुष्प्रभावों को कम करने के हरसंभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि गर्मी की लहर से संबंधित प्रतिकूल प्रभावों से बचने के लिए जनता को जागरूक करना भी जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाई जाए ताकि लोग लू से अपना बचाव करें।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर ओआरएस पैकेट, आवश्यक दवा, तरल पदार्थ, आइस पैक, जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति का प्रावधान हो। स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी/पीएचसी पर कूलर आदि लगाएं। हीट स्ट्रोक रूम में जरूरत के अनुरूप बिस्तर के अलावा उपलब्धता के अनुसार सीएचसी और पीएचसी पर ठंडे पानी का प्रबंध हो। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पताल पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हों। आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे सुचारू रखें। उन्होंने पंचायती राज विभाग को मनरेगा श्रमिकों को दिन के दौरान अत्यधिक गर्मी से बचाने के लिए काम के घंटों को ध्यान रखने और कार्यस्थलों पर पर्याप्त पेयजल व छांव का प्रबंध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि पार्कों, बस अड्डों, पर्यटक स्थलों तथा खुले क्षेत्रों में छाया की व्यवस्था करें। मंदिर, सार्वजनिक भवन, मॉल जैसे कूलिंग सेंटर की पहचान की जा सकती है और उनका उपयोग किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों, चौराहों व आवश्यकतानुसार संबंधित गांवों में पानी की टंकी/टैंकरों आदि की व्यवस्था कराना सुनिश्चित कराएं।



उपायुक्त ने बिजली निगम को निर्देश दिए कि बिजली की कटौती के दौरान पावर बैकअप का प्रावधान किया जाए ताकि निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सके। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में टूटे हुए बिजली के खंभों आदि को सुदृढ़ करना व क्षेत्रों में समय-समय पर रोस्टर के आधार पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बिजली कट के बारे में लोगों को सूचना दें। उन्होंने पशुपालन विभाग व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि आमजन के साथ-साथ पशुओं के पीने के पानी के लिए ट्यूबवेल आदि का भी प्रबंध किया जाए। मवेशियों की सुरक्षा के लिए हीटवेव एक्शन प्लान तैयार करें। गर्मी की स्थितियों के दौरान पशुधन में आने वाली बीमारियों के लक्षण व उसके बचाव के बारे में लोगों को जागरूक करें। पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से संचालित किया जाये, साथ ही पशु केंद्रों पर आवश्यक दवाओं का भण्डारण सुनिश्चित हो।

श्रम विभाग द्वारा गर्मी की लहर से संबंधित बीमारी के संबंध में निर्माण/उद्योगों/वाणिज्यिक संस्थाओं के साथ प्रशिक्षण दिया जाए। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्रों और बस्तियों में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए। इसके अलावा श्रमिकों के लिए सभी कार्य परिसरों में पेयजल की सुविधा मुहैया करवाई जाए। नगर परिषद को निर्देश दिए कि वे शहरी क्षेत्रों के सब्जी मण्डी/चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर शीतल जल की समुचित व्यवस्था हो तथा नगर के दूर-दराज क्षेत्रों में पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों और शिक्षा संस्थानों में स्वच्छ पेयजल का प्रबंध हो। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि लोगों को पानी बचत के बारे में जागरूक करें। लोगों को बताएं कि वे पेयजल से वाहनों को न धोएं। पानी की बबार्दी को रोकें। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि वे बस स्टैंडों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित परिवहन के लिए स्वास्थ्य टीमों की तैयारी एवं पीने के पानी तथा यात्रियों के लिए लू से बचाव की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। स्टैंडों पर प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की जाए। उपायुक्त ने अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए कि वे लू के दृष्टिगत अग्निशमन विभाग 24 घंटे उपलब्ध हो। जिला में संवेदनशील बिल्डिंग तथा सरकारी भवन, अस्पताल, विद्यालय आदि में फायर सेफ्टी ऑडिट कराते हुए पूर्व से ही फायर मॉक ड्रिल सुनिश्चित कर लिया जाए।

संपादकीय

## एफपीओ

वोडाफोन आइडिया के 18,000 करोड़ रुपये के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर ने यह उम्मीद जगा दी है कि नकदी संकट से जूझ रही इस दूरसंचार कंपनी के हालात बदल सकते हैं। एफपीओ सात गुना सबस्क्राइब हुआ और निवेशकों से करीब 90,000 करोड़ रुपये की राशि बोली में हासिल हुई। बीते कुछ वर्षों में धन जुटाने में नाकाम वोडाफोन आइडिया ने आखिरी प्रयास में एफपीओ पेश करने का निर्णय लिया जिसे विदेशी निवेशकों का जबरदस्त समर्थन मिला। सफल एफपीओ वोडाफोन आइडिया में नई जान फूंकने में मददगार साबित हो सकता है लेकिन यह भी संभव है कि इसका सीमित प्रभाव हो। ऐसा इसलिए कि कंपनी के नुकसान और देनदारी का आंकड़ा बहुत बड़ा है। कंपनी पर 31 दिसंबर, 2023 तक करीब 2.15 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था। इसमें 1.38 लाख करोड़ रुपये का लंबित स्पेक्ट्रम भुगतान और सरकार के प्रति 69,020 करोड़ रुपये की समायोजित सकल राजस्व देनदारी शामिल थी। इसके अलावा कंपनी पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों की 6,050 करोड़ रुपये की देनदारी तथा 1,660 करोड़ रुपये का वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर शामिल है। कंपनी के लिए चिंता की और भी वजह हैं। उनमें सबसे बड़ी है उसके ग्राहकों की लगातार कम होती संख्या। कंपनी पिछले कई महीनों से इसमें जूझ रही है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ळफ्अक) के ताजा आंकड़े बताते हैं कि जनवरी में वोडाफोन आइडिया के 22.1 करोड़ ग्राहक थे। अगर तुलना करें तो एयरटेल के 38.2 करोड़ और जियो के 46.4 करोड़ ग्राहक थे। वोडाफोन आइडिया को 5जी सेवा प्रदान करने के क्षेत्र में बहुत काम करना है क्योंकि उसके प्रतिद्वंद्वी उससे बहुत आगे हैं। गत सप्ताह एफपीओ की घोषणा के समय वोडाफोन आइडिया प्रबंधन ने विस्तार से बताया कि 5जी सेवाओं की शुरूआत के लिए कंपनी की क्या योजना है। कंपनी का इरादा है कि अगले 24 से 30 महीनों के दौरान अपने राजस्व का 40 फीसदी हिस्सा 5जी सेवाओं से अर्जित करे। परंतु दूरसंचार कंपनी की 5जी नेटवर्क ऑर्डर व्यवस्था उसके राजस्व जुटाने से संबद्ध होगी। यह स्पष्ट है कि एफपीओ से हासिल हो रही मौजूदा धनराशि इतनी अधिक नहीं होगी कि यह कंपनी 5जी और नेटवर्क विस्तार में भी खर्च कर सके और अपना भारी भरकम कर्ज भी चुका सके। दूरसंचार नकदी की जरूरत वाला क्षेत्र है जहां एक बार धन जुटाकर कंपनी अपनी समस्याओं को हल नहीं कर सकती। प्रवर्तक कंपनियों वोडाफोन पीएलसी और आदित्य बिड़ला समूह ने हाल के समय में मामूली वित्तीय सहायता प्रदान की है और कंपनी को सख्ती बरतते हुए अपने टैरिफ को व्यावहारिक बनाना होगा। मासिक प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) को इस क्षेत्र और दूरसंचार कंपनियों की सेहत का मानक माना जाता है। न केवल वोडाफोन आइडिया बल्कि समूचे दूरसंचार उद्योग को इसमें इजाफा करना होगा ताकि कारोबार व्यावहारिक बन सके। वोडाफोन आइडिया का मासिक एआरपीयू अभी 145 रुपये प्रति माह है जो जियो के 181.7 रुपये प्रति माह और एयरटेल के 208 रुपये प्रति माह से काफी कम है। समग्र तौर पर देखें तो भारत में दूरसंचार क्षेत्र का औसत एआरपीयू 152.50 रुपये प्रति माह है जो वैश्विक आंकड़ों का एक हिस्सा भर है। इस परिदृश्य में शुल्क दरों को तार्किक करके यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि देश के दूरसंचार क्षेत्र में दो कंपनियों के दबदबे की स्थिति न बने। केंद्र सरकार वोडाफोन इंडिया में 33 फीसदी के साथ सबसे बड़ी हिस्सेदार (एफपीओ के पहले तक) है। यह स्थिति तब बनी जब फरवरी 2023 में दूरसंचार कंपनी के सकल राजस्व बकाये पर बने ब्याज को शेयरों में तब्दील किया गया। सरकार के पास यह विकल्प भी रहा कि वह बाद में भी कंपनी के बकाया को शेयरों में बदल सके। परंतु दूरसंचार कंपनी को सफल एफपीओ के बाद एक मजबूत कारोबारी मॉडल की भी जरूरत है। सुधार के संकेत बाद में उसे विस्तार के लिए धन जुटाने में भी मदद करेंगे।

# व्यक्ति के जीवन को सुखद बनाती हैं चाणक्य की ये पांच बातें

जीवन को सुखी बनाने के लिए हर व्यक्ति प्रयास करता है। हालांकि, व्यस्तता से भरा दिनचर्या होने के कारण कुछ लोग अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। फिर सही समय निकल जाने के बाद व्यक्ति को केवल पछतावा होता है। इसलिए चाणक्य की नीतियों को जीवन में उतारने की सलाह दी जाती है। आचार्य चाणक्य की गणना महान विद्वानों में की जाती है। उन्होंने अपने नीतिशास्त्र में नौकरी, व्यापार, रिश्ते और जीवन से जुड़े हर विषय का उल्लेख किया है। चाणक्य के अनुसार इंसान को सफल होने के लिए न केवल परिश्रम बल्कि कई आदतों का भी त्याग करना पड़ता है। इसके अलावा चाणक्य नीति में जीवन को सुखद बनाने के लिए कई बातों का जिक्र है। दरअसल, आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में इंसान को खुश रहने के लिए कई सिद्धांतों के बारे में बताया है। उनका पालन करने से जीवन में खुशियां बनी रहती है। आइए उनके बारे में विस्तार से जान लेते हैं।



### किसी से साझा न करें ये बात

आचार्य चाणक्य के अनुसार व्यक्ति को भूलकर अपनी कमाई किसी को नहीं बतानी चाहिए। ऐसी बातों को साझा करने से आर्थिक नुकसान हो सकता है। साथ ही व्यक्ति दुखों से घिर जाता है। इसलिए अपनी इनकम के बारे में किसी को न बताएं।

### जरूरतें रखें सीमित

इंसान की जरूरतों की पूर्ति कभी नहीं होती है। उसे पूरा करने के लिए हर व्यक्ति दिन रात मेहनत करता है। जिस कारण वह अन्य कार्यों को करना भूल जाता है। इसलिए चाणक्य कहते हैं कि मनुष्य को अपनी जरूरतों को सीमित रखना चाहिए। ऐसा करने से न केवल धन की बचत होती है बल्कि सही तरीके से जीवन यापन भी होता है।

### गलतियों से लें सबक

गलतियों से सीखने वाला व्यक्ति हमेशा सफल बनता है। आमतौर पर गलतियों को छुपा लिया जाता है। जिस कारण कई बार झूठ का भी सहारा लेना पड़ता है। इसलिए व्यक्ति को न केवल अपनी बल्कि दूसरों की गलतियों से भी सीखना चाहिए। ऐसा न करने पर व्यक्ति बार-बार असफलताओं का सामना करता है।

### मेहनत की कमाई

कुछ लोग धन लाभ की प्राप्ति के लिए गलत राह का चयन कर लेते हैं। ऐसा करना उचित नहीं है। आचार्य चाणक्य के अनुसार व्यक्ति को हमेशा मेहनत से ही धन एकत्रित करना चाहिए। अनैतिक काम करने से कमाया गया धन आपके लिए हानिकारक हो सकता है।

### भाग्य के भरोसे न बैठे

आचार्य चाणक्य के अनुसार व्यक्ति को हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति अड़े रहना चाहिए। भाग्य के भरोसे बैठने वाला व्यक्ति अक्सर लाभ के अवसरों से पीछे रह जाता है। इसलिए भाग्य के भरोसे न बैठे।

# चाणक्य नीति के ये मंत्र व्यक्ति को बनाते है सफल

वर्तमान में भी चाणक्य नीति का पालन किया जाता है। यह नीतियां युवाओं को मार्गदर्शित करने में सहायता करती हैं। यदि आप जीवन में आचार्य चाणक्य द्वारा कही बातों को उतार लेते हैं, तो जीवन के मोल समझने में आसानी होगी। दरअसल, आचार्य चाणक्य महान विद्वानों में से एक है। उन्होंने एक नीति शास्त्र की रचना की है, जिसे 'चाणक्य नीति' के नाम से जाना जाता है। इस नीति शास्त्र में सफलता मंत्रों का भी उल्लेख है। हर व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करता है। हालांकि, सही मार्गदर्शन न मिलने के कारण कई बार असफलताओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आप आचार्य चाणक्य द्वारा बताए गए मंत्रों को जान सकते है। इन मंत्रों से कामयाबी हासिल करने की राह छिपी है। यदि आप इनका पालन करेंगे, तो सफलता के शिखर तक पहुंचने में आसानी होगी। इसी कड़ी में आइए इन मंत्रों के बारे में जान लेते हैं।

### जोखिम लेने से न डरें

आचार्य चाणक्य के अनुसार व्यक्ति को हमेशा कारोबार में जोखिम उठाना चाहिए। यदि आप जीवन में किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं उठाते, तो परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता कम होने लगती है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि सफलता प्राप्त करने के लिए हमेशा रिस्क लेना चाहिए। ऐसा करने से आपको नए अनुभव की प्राप्ति होती है।

### वाणी की मधुरता

आचार्य चाणक्य के अनुसार वाणी ही लोगों से लोगों को जोड़ने में सहायता करती हैं। इसलिए वाणी में मधुरता बनाए रखें। अपने से बड़ों का सम्मान करें। आपकी वाणी दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इससे आपको समाज में भी एक अलग पहचान मिलती है।

### तालमेल बनाकर रखें

लाभ और हानि में हमेशा तालमेल बनाकर चलना चाहिए। ऐसा करने से मानसिक तनाव में कमी आती है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि जीवन में तालमेल बनाकर चलने वाला व्यक्ति बहुत सकारात्मक होता है। ऐसे लोगों के पास मुश्किलों से लड़ने की क्षमता अधिक होती है। इसलिए रिश्तों में या काम में हमेशा तालमेल बनाए रखने की सीख दी जाती है।

### लक्ष्य का न करें जिक्र

आचार्य चाणक्य के अनुसार व्यक्ति को अपने लक्ष्य को हमेशा छिपाकर रखना चाहिए। आप उस पर मेहनत करें। दूसरों को लक्ष्य बताने से आपके रास्ते में बाधाएं उत्पन्न हो सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष:** घर में अकेलापन और बोरियत महसूस होगी। गर्मी से बचकर रहें और पानी भरपूर पियें। दूसरों पर ज्यादा दबाव डालने से आपको बचना चाहिये। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। ज्यादा भागदौड़ के कारण पैरो में दर्द हो सकता है।

**वृषभ:** वैवाहिक जीवन में आनन्द का अनुभव करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। रियल एस्टेट से आपको धन लाभ होगा। कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। आपके सभी काम समय पर पूर्ण होंगे। किसी बड़े प्रोजेक्ट्स पर आप धन निवेश कर सकते हैं।

**मिथुन:** योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पायेंगे। दोस्तों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे। अपनी कार्यशैली में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। ससुराल में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क:** परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। अपनी सेहत का ध्यान रखें। आज आपको अपच की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे। विद्यार्थियों की नये विषयों के अध्ययन में रुचि होगी।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र का तनाव आपके घर पर भी प्रभाव डाल सकता है। भरोसेमन्द लोग ही आपको धोखा दे सकते हैं। इसीलिये किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनायेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**कन्या:** युवाओं को करियर के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी सम्बन्ध मधुर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। नये मित्र बन सकते हैं।

**तुला:** दिन की शुरूआत थोड़ी कमजोर रहने वाली है। पड़ोसियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। सन्तान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर चिन्तित रहेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज आप अपने घर पर आराम करने की योजना बना सकते हैं। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। कमीशन से सम्बन्धित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**धनु:** अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। गलत खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। विदेश में रह रहे लोगों को वीजा आदि को लेकर कुछ समस्या होगी। नशे वाले पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करें।

**मकर:** कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। जरूरतमन्द लोगों की सेवा में मन लगायेंगे। अटके हुये कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

**कुंभ:** आपको पहले किये गये कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। सन्तान को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। बहु प्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है।

**मीन:** आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। बिना माँगे किसी को राय न दें। अधिकारी वर्ग के लोग आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे। पुराना लोन आज चुकाने की कोशिश करेंगे। आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक रहेगा।

# राधा रानी की पूजा से प्रसन्न होंगे भगवान कृष्ण

देवी राधा की पूजा का शास्त्रों में बड़ा महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अगर उनकी पूजा विधिवत की जाए, तो जीवन के बड़े से बड़े संकट को आसानी खत्म किया जा सकता है। साथ ही भगवान कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है। यदि किसी जातक की कुंडली में ग्रहों की स्थिति खराब है, तो उन्हें भगवान कृष्ण के साथ राधा रानी की पूजा अवश्य करनी चाहिए और राधा चालीसा का पाठ करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में खुशहाली आती है, तो आइए यहां पढ़ते हैं –

**॥श्री राधा चालीसा॥**

**॥ दोहा ॥**

श्री राधे वुषभानुजा,
भक्तनि प्राणाधार ।
वृन्दाविपिन विहारिणी,
प्रानावौ बारम्बार ॥
जैसो तैसो रावरौ,
कृष्ण प्रिया सुखधाम ।
चरण शरण निज दीजिये,
सुन्दर सुखद ललाम ॥

**॥ चौपाई ॥**

जय वृषभान कुंवारी श्री श्यामा ।
कीरति नंदिनी शोभा धामा ॥
नित्य विहारिणी श्याम अधर ।
अमित बोध मंगल दातार ॥
रास विहारिणी रस विस्तारिन ।
सहचरी सुभाग यूथ मन भावनी ॥
नित्य किशोरी राधा गोरी ।
श्याम प्राण धन अति जिया भोरी ॥
करुना सागरी हिय उमंगिनी ।
ललितादिक सखियाँ की संगनी ॥
दिनकर कन्या कूल विहारिणी ।
कृष्ण प्रण प्रिय हिय हुल्सवानी ॥
नित्य श्याम तुम्हारो गुण गावें ।
श्री राधा राधा कही हर्शवाहीं ॥
मुरली में नित नाम उचारें ।
तुम कारण लीला वपु धरें ॥
प्रेमा स्वरूपिणी अति सुकुमारी ।
श्याम प्रिय वृषभानु दुलारी ॥
नावाला किशोरी अति चाबी धामा ।
द्युति लघु लाग कोटि रति कामा ॥
गौरांगी शशि निंदक वदना ।
सुभाग चपल अनियारे नैना ॥
जावक यूथ पद पंकज चरण ।
नूपुर ध्वनी प्रीतम मन हारना ॥
सन्तता सहचरी सेवा करहीं ।
महा मोड़ मंगल मन भरहीं ॥
रसिकन जीवन प्रण अधर ।
राधा नाम सकल सुख सारा ॥
अगम अगोचर नित्य स्वरूप ।
ध्यान धरत निशिदिन ब्रजभूपा ॥
उप्जेऊ जासु अंश गुण खानी ।
कोटिन उमा राम ब्रह्मणि ॥
नित्य धाम गोलोक बिहारिनी ।
जन रक्षक दुःख दोष नासवानी ॥
शिव अज मुनि सनकादिक नारद ।
पार न पायं सेष अरु शरद ॥
राधा शुभ गुण रूपा उजारी ।
निरखि प्रसन्ना हॉट बनवारी ॥
ब्रज जीवन धन राधा रानी ।
महिमा अमित न जय बखानी ॥
प्रीतम संग दिए गल बाहीं ।
बिहारता नित वृन्दावन माहीं ॥
राधा कृष्ण कृष्ण है राधा ।
एक रूप दौऊ -प्रीती अगाधा ॥
श्री राधा मोहन मन हरनी ।
जन सुख प्रदा प्रफुल्लित बदानी ॥
कोटिक रूप धरे नन्द नंदा ।
दरश कारन हित गोकुल चंदा ॥
रास केलि कर तुम्हें रिझावें ।
मान करो जब अति दुःख पावें ॥
प्रफ्फुल्लित होठ दरश जब पावें ।
विविध भांति नित विनय सुनावें ॥
वृन्दरंन्य विहारिन्नी श्याम ।
नाम लेथ पूरण सब कम ॥
कोटिन यज्ञ तपस्या करुहू ।
विविध नेम व्रत हिय में धरहु ॥
तू न श्याम भक्ताही अपनावें ।
जब लगी नाम न राधा गावें ॥
वृंदा विपिन स्वामिनी राधा ।
लीला वपु तुवा अमित अगाध ॥
स्वयं कृष्ण नहीं पावहीं पारा ।
और तुम्हें को जननी हारा ॥
श्रीराधा रस प्रीती अभेद ।
सादर गान करत नित वेदा ॥
राधा त्यागी कृष्ण को भाजिहैं ।
ते सपनेहूं जग जलधि न तरिहैं ॥
कीरति कुमारी लाडली राधा ।
सुमिरत सकल मिटहिं भाव बड़ा ॥
नाम अमंगल मूल नासवानी ।
विविध ताप हर हरी मन भवानी ॥
राधा नाम ले जो कोई ।
सहजही दामोदर वश होई ॥
राधा नाम परम सुखदायी ।
सहजहिं कृपा करें यदुराई ॥
यदुपति नंदन पीछे फिरिहैन ।
जो कौउ राधा नाम सुमिरिहैन ॥
रास विहारिणी श्यामा प्यारी ।
करुहू कृपा बरसाने वारि ॥
वृन्दावन है शरण तुम्हारी ।
जय जय जय वृशभाणु दुलारी ॥

**॥ दोहा ॥**

श्री राधा सर्वेश्वरी,
रसिकेश्वर धनश्याम ।
करहूँ निरंतर बास मै,
श्री वृन्दावन धाम ॥

**॥ इति श्री राधा चालीसा ॥**

# अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से दाखिल किया नामांकन

## ‘कन्नौज का चुनाव भाजपा की नकारात्मक राजनीति को करेगा खत्म’

एजेंसी
कन्नौज (उप्र)

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को कन्नौज लोकसभा सीट के लिये अपना नामांकन दाखिल कर दिया। बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ कचहरी पहुंचे अखिलेश ने कन्नौज से नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ सपा के प्रमुख महासचिव राम गोपाल यादव एवं अन्य नेता भी मौजूद थे। सपा ने इससे पहले मैनपुरी से पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। अखिलेश ने नामांकन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कन्नौज में सपा के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनता की यह ख्वाहिश थी कि वह इस सीट से चुनाव लड़ें। उम्मीद है कि जनता एक बार फिर उन्हें आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा, ‘कन्नौज का चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नकारात्मक राजनीति को खत्म करेगा। हम कन्नौज की पहचान को आगे बढ़ाएंगे। हम कन्नौज के लोगों के सम्मान और विकास के लिये काम करेंगे। भाजपा ने कन्नौज का विकास रोक कर नकारात्मक राजनीति की।’

**अखिलेश यादव वर्तमान में करहल विधानसभा सीट से विधायक और प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं**



अखिलेश ने आरोप लगाया, ‘भाजपा की जो नकारात्मक राजनीति है, वह खत्म होगी। भाईचारे का एक दौर शुरू होगा जो कन्नौज में विकास और खुशहाली लाएगा।’ नामांकन से पहले अखिलेश ने कन्नौज से नामांकन की 24 साल पुरानी एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा की और लिखा, ‘फिर इतिहास दोहराया जाएगा। अब नया भविष्य बनाया जाएगा।’ इस पर अखिलेश के चाचा सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने लिखा, ‘विजय भवः सर्वदा।’ अखिलेश यादव पूर्व में तीन बार कन्नौज से ही सांसद रह चुके हैं।

वर्ष 2000 में कन्नौज सीट पर हुए उपचुनाव में वह पहली बार सांसद चुने गये थे। उसके बाद वह 2004 और 2009 में भी इसी सीट से सांसद रहे। उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के बाद लोकसभा से इस्तीफा देने के चलते 2012 में कन्नौज सीट पर हुए उपचुनाव में अखिलेश की पत्नी डिंपल निर्विरोध चुनी गयी थीं। वर्ष 2014 के आम चुनाव में भी डिंपल ने इसी सीट से जीत दर्ज की थी। हालांकि साल 2019 के चुनाव में वह भाजपा के सुब्रत पाठक से पराजित हो गयी थीं। अखिलेश यादव वर्तमान में करहल विधानसभा सीट से विधायक और प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में वह करहल सीट से पहली बार विधायक बने थे। कन्नौज में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत आगामी 13 मई को मतदान होगा।

# हमास ने बंधक बनाए गए प्रसिद्ध इजराइली-अमेरिकी व्यक्ति का वीडियो जारी किया

एजेंसी
यरुशलम




हमास ने बुधवार को एक वीडियो जारी किया जिसमें उसके द्वारा इजराइल से बंधक बनाए गए लोगों में शामिल एक प्रसिद्ध इजराइली-अमेरिकी व्यक्ति को दिखाया गया है। गाजा पट्टी के इस्लामिक चरमपंथियों द्वारा पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला करने और बड़ी संख्या में लोगों को बंधक बनाए जाने के बाद से इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। हमास ने जो वीडियो जारी किया है उसमें इजराइली-अमेरिकी व्यक्ति हेर्श गोल्डबर्ग-पोलिन को दिखाया गया है जिसमें वह सरकार पर बंधकों की रिहाई के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाते दिखाई दे रहे हैं। पिछले वर्ष बंधक बनाए जाने के बाद यह पहली बार है कि पोलिन के जीवित होने के संकेत मिले हैं। यह वीडियो जारी होने के बाद लोग सरकार से बंधकों को जल्द से जल्द रिहा कराने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। वीडियो में गोल्डबर्ग-पोलिन ने इजराइल सरकार पर आरोप लगाया है कि वह हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा कराने के लिए कुछ नहीं कर रही है और एक प्रकार से सरकार ने बंधकों से मुंह मोड़ लिया है। वीडियो में पोलिन ने यह दावा भी किया कि इजराइल की बमबारी में 70 बंधक मारे गये हैं हालांकि वीडियो में गोल्डबर्ग-पोलिन दबाव में नजर आ रहे हैं और उनके द्वारा किए गए दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। साथ ही यह भी पता नहीं चला है कि यह वीडियो कब बनाया गया। हमास ने जब इजराइल पर हमला किया था उस वक्त 23 वर्षीय गोल्डबर्ग-पोलिन ‘ट्राइब ऑफ नोवा संगीत समारोह’ में जश्न मना रहे थे। वीडियो में पोलिन के बाएं हाथ का हिस्सा गायब दिखाई दे रहा है। पोलिन बंधक बनाए गए लोगों में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध व्यक्ति हैं। पूरे इजराइल में उनके पोस्टर लगे हैं। उनकी मां रचेल गोल्डबर्ग ने वैश्विक नेताओं से मुलाकात की है और अपने बेटे को छुड़ाने की अपील की है। पोलिन के माता-पिता ने कहा कि उन्हें उसे जीवित देखकर राहत मिली है, लेकिन वे उसके स्वास्थ्य और कुशलक्षेम के साथ-साथ अन्य बंधकों के बारे में भी चिंतित हैं। बंधकों के परिवारों ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर उनके परिजनों की रिहाई के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया है।

# अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन से राष्ट्रीय राजमार्ग-313 का एक हिस्सा धंसा

एजेंसी
ईटानगर



अरुणाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण भूस्खलन हुआ और राष्ट्रीय राजमार्ग-313 का एक हिस्सा धंस गया जिससे यातायात बाधित हो गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। निचली दिबांग घाटी में रोइंग को एनीनी से जोड़ने वाले अहम राजमार्ग के एक हिस्से के क्षतिग्रस्त होने से दिबांग घाटी जिले से जमीनी संपर्क टूट गया है। अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात भूस्खलन के कारण हुनली और एनीनी के बीच सड़क क्षतिग्रस्त हो गई जिससे सीमावर्ती जिले का मुख्य भूमि से संपर्क कट गया है। एनीनी के अतिरिक्त उपायुक्त धूर्बाज्योति बोरा ने कहा, ‘ जिला प्रशासन ने युद्ध स्तर पर सड़क की मरम्मत के लिए श्रमिकों और पर्याप्त मशीनरी को तैनात किया है। यातायात बहाल होने में कुछ दिन लगेंगे।’ उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं कि बृहस्पतिवार की शाम तक सड़क से छोटे वाहन गुजर सकें। रोइंग-एनीनी राजमार्ग दिबांग घाटी जिले के लिए जीवन रेखा है। अधिकारी ने बताया कि यह सड़क चीन के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर देश की सुरक्षा के लिए रणनीतिक महत्व वाली है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने हालात पर चिंता जताई है। खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ‘ हुनली और एनीनी के बीच राजमार्ग को हुई व्यापक क्षति के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा के बारे में जानकर परेशान हूं। जल्द से जल्द संपर्क बहाल करने के निर्देश जारी किए गए हैं क्योंकि यह सड़क दिबांग घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ती है।’ जिला प्रशासन ने लोगों को सावधानी बरतने और मरम्मत कार्य पूरा होने तक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

# पाकिस्तान के कराची में 3.2 तीव्रता का भूकंप, लोग घरों से बाहर निकले

**कराची।** पाकिस्तान के सबसे बड़े महानगर कराची में बुधवार की रात रिक्टर पैमाने पर 3.2 तीव्रता का भूकंप आने से घबराए लोग अपने-अपने घरों से निकलकर बाहर एकत्र हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भूकंप के झटके महानगर के बाहरी इलाकों में महसूस किये गये। मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप का केंद्र जमीन से 12 किलोमीटर नीचे था लेकिन इसके झटके कायदाबाद, मालिर, गडप और सादी कस्बे समेत शहर के सभी बाहरी इलाकों में महसूस किये गये जहां लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए। झटके कई सेकंड तक महसूस किये गये जिससे बड़ी आबादी वाले इलाकों में से एक बहरिया कस्बे के एक घर की दीवार में दरार आ गई। कहीं से भी किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। कराची में लंबे समय बाद भूकंप का कोई झटका महसूस किया गया। पिछले साल 16 अक्टूबर को कराची के विभिन्न हिस्सों में 3.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये थे।

# नेस्ले इंडिया का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 934 करोड़ रुपये

एजेंसी
नई दिल्ली




दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 934 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय बढ़कर 5,267 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये थी। नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने कहा, ‘ बढ़ती खाद्य मुद्रास्फीति और अस्थिर जिंस कीमतों से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद हमने दहाई अंक में वृद्धि हासिल की है।’ नारायणन ने कहा, ‘ इस तिमाही में हमारी घरेलू बिक्री 5,000 करोड़ रुपये को पार कर गई, जो हमारे लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।’ नेस्ले ने 31 मार्च 2024 को समाप्त 15 महीने में 3,933 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। इसने 31 दिसंबर 2022 (जनवरी-दिसंबर अवधि) में 2,390 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। परिचालन आय 31 मार्च 2024 को समाप्त अवधि के लिए 24,394 करोड़ रुपये रही। जनवरी-दिसंबर 2022 में 16,897 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने अपना वित्त वर्ष अब एक अप्रैल से 31 मार्च कर लिया है। पहले वह एक जनवरी से 31 दिसंबर के वित्त वर्ष का अनुसरण करती था। कंपनी ने इसीलिए आंकड़ा 15 महीने (जनवरी 2023-मार्च 2024) का दिया है।

# अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किए जाने से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में साइबर अपराधियों द्वारा कथित तौर पर अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल किए जाने से परेशान एक युवक ने आत्महत्या कर ली। थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रयागराज निवासी फूलचंद गुप्ता ने बीती रात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका बेटा अभिषेक राज गुप्ता बरौला गांव में किराए के मकान में रहता था और उसने 23 अप्रैल को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि युवक के पिता ने पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा कि साइबर अपराधियों ने उनके बेटे का अश्लील वीडियो बना लिया था और उस वीडियो के माध्यम से वे लोग उसे ब्लैकमेल कर रहे थे और मोटी रकम मांग रहे थे और पैसे ना देने पर उसकी अश्लील वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने की धमकी दे रहे थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### अहमदाबाद में दो समूहों के बीच झड़प में महिला की मौत, चार घायल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में एक स्थानीय मंदिर के उत्सव की पुस्तिका में नाम प्रकाशित करने को लेकर दो समूहों के बीच हुई झड़प में 80 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात शहर के वस्त्रपुर इलाके में एक समुदाय के दो समूहों ने एक-दूसरे पर लाठियों और पत्थरों से हमला किया, जिसके बाद छाती में पत्थर लगने से लीराबेन भरवाड़ की मौत हो गई। एक समूह स्थानीय मंदिर के उत्सव की पुस्तिका में कुछ नाम जोड़ना चाह रहा था। अधिकारी ने बताया कि इसको लेकर असहमति के कारण दो समूहों में झड़प हो गई। उन्होंने बताया कि घटना में चार लोग घायल भी हुए हैं। वस्त्रपुर के पुलिस निरीक्षक एल.एल. चावड़ा ने बताया कि दोनों पक्षों के 21 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं। चावड़ा ने कहा, ‘ एक मंदिर के उत्सव के लिए एक पुस्तिका में नाम प्रकाशित करने को लेकर वस्त्रपुर इलाके के दो समूह आपस में भिड़ गए और एक-दूसरे पर पथराव कर दिया, जिसमें एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।’

### जामिया नगर इलाके में एक व्यावसायिक इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में स्थित जामिया नगर की एक व्यावसायिक इमारत में बृहस्पतिवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारी ने कहा, ‘जामिया नगर इलाके में दोपहर एक बजकर 25 मिनट पर प्लास्टिक के कुछ पाइप में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद दमकल विभाग की चार गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए भेजा गया।’ उन्होंने कहा कि अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### दुर्घटनावश गोली चलने से एक जवान की मौत, एक अन्य घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से सुरक्षाबल के एक जवान की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) दंतेवाड़ा के जवान जोगराज कर्मा की मौत हो गई तथा आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हांदावाडा और हितावड़ा क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बुधवार को दंतेवाड़ा और नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी और ‘बस्तर फाइटर्स’ के संयुक्त दल को गश्त पर रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि गश्त के दौरान रात लगभग 11 बजे दुर्घटनावश गोली चलने से आरक्षक जोगराज कर्मा और आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों घायलों को घटनास्थल से बाहर निकाला गया लेकिन अधिक रक्तस्त्राव से जोगराज कर्मा की मौत हो गई। घायल आरक्षक परसूराम को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है। पुलिस ने इस संबंध में एक बयान जारी किया है। बयान में यह नहीं बताया गया है कि किसके हथियार से दुर्घटनावश गोली चली है। इसमें कहा गया है कि इस संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त की जा रही है।

### गाजियाबाद में हुए सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**नोएडा।** गाजियाबाद में 11 अप्रैल को हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई 50 वर्षीय महिला ने उपचार के दौरान नोएडा के एक अस्पताल में बृहस्पतिवार को दम तोड़ दिया। थाना सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि मोनिका (पत्नी शिव शंकर) गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र में 11 अप्रैल को हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें उपचार के लिए नोएडा के मेट्रो अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां पर उपचार के दौरान आज उनकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई गाजियाबाद पुलिस करेगी।

### राजस्थान के कई इलाकों में आंधी और बारिश का पूवार्नुमान

**जयपुर।** एक नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजस्थान के कई इलाकों में आंधी और बारिश का पूवार्नुमान जताया गया है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 26 अप्रैल को आंधी-बारिश की गतिविधियां में बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में दोपहर बाद मेघ गर्जन के साथ कहीं-कहीं 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने और हल्की बारिश के आसार हैं। इसके अलावा, 26-27 अप्रैल को पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में 25-35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली अपेक्षाकृत तेज सतही हवा चलने और तापमान में हल्की गिरावट की संभावना है। इसके अनुसार 27 अप्रैल से पुनः राज्य के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रह सकता है।

### पत्नी की गला रेतकर हत्या, बाद में फांसी लगाई

सुलतानपुर (उप्र)। सुलतानपुर जिले के कुड़वार क्षेत्र में बृहस्पतिवार को आपसी कलह को लेकर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कथित रूप से धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या करने के बाद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) शिवम मिश्रा ने बताया कि कुड़वार थाना क्षेत्र के फिरोजपुर गांव के निवासी आफाक (52) ने अपनी बीवी किस्मतउन्निसा (46) की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी और बाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। माता-पिता की मौत पर उनके बच्चों के चीखने-चिल्लाने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिये हैं। उन्होंने बताया कि शुरूआती पड़ताल में पता चला है कि आफाक पिछले करीब एक साल से अवसाद में था।

# दिल्ली के रोहिणी में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी सेक्टर 34 में बृहस्पतिवार को राज्य पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम ने नीरज बवाना-नवीन बाली गिरोह के एक सदस्य को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि राहुल डबास हत्या के मामले में वांछित था और हत्या के प्रयास व फिरौती के सात अन्य मामलों में कथित तौर पर शामिल था। अधिकारी ने बताया, ‘विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम को सूचना मिली थी कि गैंगस्टर बृहस्पतिवार को रोहिणी सेक्टर 34 में किसी से मिलने आ रहा है। जाल बिछाया गया लेकिन उसने पुलिस को देख हमारी टीम पर गोलियां चलाईं।’ अधिकारी ने बताया कि टीम के सदस्यों ने बुलेट प्रूफ जैकेट पहनी हुई थीं, जिस वजह से कोई घायल नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि डबास को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। अधिकारी ने बताया कि उसके पास से एक बन्दूक बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर नीरज बवाना और नवीन बाली का करीबी सहयोगी है।

# वायु सेना का रिमोटली पायलेटेड विमान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त



एजेंसी
जैसलमेर

भारतीय वायु सेना का एक ‘रिमोटली पायलेटेड विमान’ बृहस्पतिवार को जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना के अनुसार, इस हादसे में जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना जैसलमेर के पिथला गांव के पास एक खुले मैदान में हुई। वायुसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, ‘भारतीय वायु सेना का रिमोटली पायलेटेड एयरक्राफ्ट नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आज जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है।’ इसके अनुसार, दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए ‘कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी’ का आदेश दिया गया है।

# मध्य प्रदेश के गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य में दक्षिण अफ्रीका से 5 से 8 चीते आएंगेः अधिकारी

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य में एक बाड़ वाले क्षेत्र में पांच से आठ चीतों को संभवतः साल के आखिर में छोड़ा जाएगा ताकि उन्हें प्रजनन के लिए वातावरण और अनुकूल मौसम मिले। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका का एक प्रतिनिधिमंडल चीतों को लाने के लिए गांधीसागर में तैयारियों और कुनो राष्ट्रीय उद्यान में परियोजना की प्रगति की समीक्षा करने के लिए मंगलवार को भारत पहुंचा था। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने ‘एक्स’ पर लिखा, ‘दक्षिण अफ्रीका के अधिकारियों ने मध्य प्रदेश के गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य का दौरा किया और उन्हें महत्वाकांक्षी ‘प्रोजेक्ट चीता’ के तहत चीतों को लाने की तैयारियों से अवगत कराया गया। बाड़ों, नियंत्रण कक्ष और भावी पशु चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लेते समय बहुमूल्य जानकारी साझा की गई।’ दक्षिण अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय अधिकारियों से मुलाकात की।

# आप ने लोकसभा चुनाव अभियान के तहत अपना गीत 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' शुरू किया




एजेंसी
नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने बृहस्पतिवार को लोकसभा चुनाव-प्रचार अभियान के तहत एक गीत 'जेल के जवाब में हम वोट देंगे' की शुरूआत की। पार्टी का यह गीत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर केंद्रित है। आप विधायक दिलीप पांडे द्वारा लिखित और गाये गये इस गीत की शुरूआत यहां आप मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी के नेताओं ने की। इस गीत का शीर्षक 'जेल का जवाब वोट से' है। पांडे ने कहा, ‘हमारे चुनाव प्रचार गीत हमेशा लोगों के विचारों को प्रभावित करते हैं। यह गीत लोगों की भावना को दशार्ता है। गीत के बोल आज के समय में हो रही घटनाओं की हकीकत को बयां करते हैं।’ उन्होंने कहा कि यह गीत उन खतरों के बारे में बताता है जिनका लोगों को भविष्य में सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, ‘यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आई तो वे संविधान बदल देंगे... हमें उम्मीद है कि यह गीत लोगों को पसंद आएगा।’ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। वह वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

# पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

एजेंसी
पटना




पटना जिले के पुनपुन इलाके में मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात को जनता दल (यू) के एक नेता की गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। मसौढ़ी अनुमंडल के पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कन्हैया सिंह ने पत्रकारों को बताया, मृतक की पहचान सौरव कुमार के रूप में की गई है। उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति मुनमुन कुमार गोलीबारी में घायल हो गए और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, ‘यह घटना बृहस्पतिवार की रात लगभग 12 बजकर 15 मिनट पर हुई जब सौरव, मुनमुन के साथ पुनपुन क्षेत्र के परसा बाजार में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी मोटरसाइकिल पर कुछ अज्ञात हमलावर आये और उनपर अंधाधुंध गोलीबारी कर फरार हो गये। दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां सौरव ने दम तोड़ दिया। मुनमुन की हालत स्थिर है’। पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा ने कहा, ‘हमने मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है। हमें कुछ प्रारंभिक सुराग भी मिले हैं... उम्मीद है कि आरोपियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।’ इस घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शव के साथ इलाके में विरोध प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दी जिससे पुनपुन के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई घंटे यातायात बाधित रहा। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया। इस बीच, पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं राजद नेता मीसा भारती ने पीड़िता के घर का दौरा किया और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, ‘हम ऐसी घटनाओं की निंदा करते हैं... जब बिहार में सत्ता में रहने वाली पार्टी के नेता ही सुरक्षित नहीं हैं, तो सामान्य जनता अपनी सुरक्षा के बारे में कैसे सोच सकती है।

**शुरुआत** | **प्रत्येक थाने में तीन पुलिस निरीक्षकों सहित लगभग 100 पुलिस कर्मी हैं**

# दिल्ली पुलिस ने रात की ड्यूटी के दौरान जवानों की सहायता के लिए ‘डेल्टा-48’ इकाई शुरू की

एजेंसी
नई दिल्ली




दिल्ली पुलिस ने रात की ड्यूटी के दौरान जवानों को सतर्क रखने और अधिकारियों के बीच समन्वय में सुधार के लिए चार कर्मियों वाली ‘डेल्टा-48’ इकाई शुरू की है। ‘डेल्टा-48’ एक तरह का संकेत है जिसका उपयोग अधिकारी रात में अभियान और ड्यूटी के दौरान एक-दूसरे से संवाद के लिए करते हैं। राष्ट्रीय राजधानी के प्रत्येक थाने और जिले में अलग-अलग संकेत हैं। पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) देवेश कुमार महला ने डीसीपी नियुक्त होने के बाद इस पहल की शुरूआत की। इस इकाई में चार कर्मी शामिल हैं- कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल, जो नई दिल्ली जिले में बारी-बारी से विभिन्न पालियों में काम करते हैं। इस इकाई में काम करने वाले कर्मी न केवल रात की ड्यूटी के दौरान जवानों को सतर्क रखते हैं बल्कि रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक गश्त करने वाले कर्मियों को चाय, नाश्ता और अंधेरे में चमकने वाली जैकेट सुनिश्चित करते हैं। नई दिल्ली जिले में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सांसद रहते हैं तथा इस क्षेत्र में 10 थाने हैं। प्रत्येक थाने में तीन पुलिस निरीक्षकों सहित लगभग 100 पुलिस कर्मी हैं। संसद मार्ग और कर्तव्य पथ पर 17 अप्रैल को पुलिस जवानों ने लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में लगभग 28 मोटसाइकिल चालकों को पकड़ा था। ‘डेल्टा-48’ पहल की सराहना करते हुए पुलिस उपायुक्त महला ने बताया, ‘‘हम 30 मिनट के भीतर सभी मोटरसाइकिल सवारों को पकड़ने में कामयाब रहे क्योंकि हमारे कर्मचारी विभिन्न चौकियों और चौराहों पर सतर्क थे। मैं नई दिल्ली के गश्ती कर्मचारी और दो अधिकारियों को अच्छे संचार और समन्वय के लिए धन्यवाद देता हूं जो पूरी रात हमारे गश्ती कर्मचारियों को सचेत करते रहते हैं।’’ डीसीपी के निदेर्शों के अनुसार ‘डेल्टा-48’ अधिकारियों को रात में कम से कम दो बार गश्त करने वाले जवानों के पास जाना होगा और उनके दौरे की रिपोर्ट कार्यालय में जमा करनी होगी। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी ‘‘रात्रि राजपत्रित अधिकारी’’ के रूप में अपने जिलों की चौकियों, थानों और जांच चौकियों का औचक निरीक्षण करेंगे।

# आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस लोकतंत्र पर खोखला ज्ञान ना बाँटे: अनुराग ठाकुर

## कांग्रेस नहीं कर पा रही प्रत्याशी तय, चुनाव जीतना मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसा: अनुराग ठाकुर

सिटी दर्पण
शिमला



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज कहा कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं इसलिए अब अमेठी का रुख कर रहे हैं। कांग्रेस का हाल यह है कि हार के डर से उसके सभी बड़े नेता दो-दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। फिर भी कांग्रेस अभी तक 300 सीटों पर भी अपने उम्मीदवार नहीं खड़े कर पाई है, चुनाव जीतना इनके लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने से ज्यादा कुछ नहीं है। भारत को आपातकाल की आग में झोंकने वाली कांग्रेस आज लोकतंत्र पर ज्ञान बाँटती फिर रही है।

अनुराग ठाकुर ने यह बातें आज अपने हिमाचल प्रवास के दौरान कहीं। अनुराग ठाकुर आज सर्वप्रथम जसवां प्रागपुर मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में शामिल हुए। इसके पश्चात वे ऊना के अम्ब पहुंचे जहां उन्होंने चिंतपूर्णी मंडल के पन्ना प्रमुखों की बैठक ली। देर शाम अनुराग ठाकुर गगरेट विधानसभा के मुबारिकपुर पहुंचे जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के साथ हीं वसूली चालू कर देती है। यह वसूली टैक्स व्यापारियों से लेकर प्रत्येक आम आदमी को देना पड़ता है। लेकिन इस बार मौत के बाद भी कांग्रेस अपनी वसूली जारी रखना चाहती है। यह उसके मेनिफेस्टो से स्पष्ट है। कांग्रेस का कहना है कि आपकी मृत्यु के बाद आपकी संपत्ति आपके संतानों की नहीं बल्कि उनके वोट बैंक की हो जाएगी। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस के राज में ना संपत्ति सुरक्षित है, ना संतान सुरक्षित है, ना हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं और ना हीं हमारा सनातन सुरक्षित है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के राज में हमारी बहन और बेटियां भी सुरक्षित नहीं है। उनको दरिंदे लव जिहाद का शिकार बनाते हैं और कांग्रेस अपिजमेंट पॉलिटिक्स के चलते कुछ नहीं करती। हिमाचल प्रदेश के कांग्रेसी कहते हैं कि 97% हिंदुओं वाले राज्य में हमने हिंदुओं को हराकर सरकार बनाई। कर्नाटक में कांग्रेस के काउंसलर की बेटी नेहा को एक दरिंदे ने सात से ज्यादा बार चाकू से गोद कर दिनदहाड़े हत्या कर दी। लेकिन कर्नाटक की कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति के चलते अपने ही काउंसलर को न्याय नहीं दे रही है। अंत में थक हारकर नेहा के पिता ने केंद्र सरकार से सीबीआई जांच की मांग की है।

अनुराग ठाकुर में आगे कहां, जम्मू कश्मीर में धारा 370 लगाना पंडित जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी भूल थी जिसे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सुधारा है। आज जम्मू कश्मीर में अलगाववाद, आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटना लगभग बंद हो चुकी है। आज हमने कश्मीर में पंचायती राज और डीडीसी के चुनाव कराए हैं और अब जल्द वहां विधानसभा के भी चुनाव होंगे। चुनाव आयोग ने हमेशा देश भर में समय अनुसार चुनाव कराए हैं और अलग-अलग सरकारें बनी हैं। आज जब हमारे कार्यकर्ता लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धि बता रहे हैं तब लगभग यह स्पष्ट हो चुका है कि जैसे मोदी जी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया है ठीक उसी प्रकार प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी को 370 वोटो की लीड मिलेगी। इन चुनावों में हम अकेले दम पर 370 से ज्यादा सीटें जीतेंगे और एनडीए 400 पार जाएगा।

# एपीजी शिमला विश्वविद्यालय के साथ औषधीय पौधे व वनस्पति विकास अभियान का शुभारंभ किया

सिटी दर्पण
शिमला



हिमालयन अनुसंधान संस्थान (एचएफआरआई) शिमला और त्रिदेव औषधालय रोहल ने एपीजी शिमला विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी और स्कूल ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेस के साथ औषधीय पौधे व मधुर वनस्पति विकास के लिए एक साझेदारी अभियान का शुभारंभ किया है। यह पौधे, जिन्हें एचएफआरआई शिमला ने उदारता से प्रदान किया है, एपीजी शिमला विश्वविद्यालय की भूमि की वन्यजीव धरोहर को समृद्ध करने और शिक्षा और भलाई के लिए हरित माहौल को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखते हैं।

इस सहकारी प्रयास की शीर्षक व्यक्तियों में डॉ। पवन राणा, वैज्ञानिक एफ हेफआरआई शिमला, और कृपाल सिंह, ट्रिडेव औषधालय रोहल के अध्यक्ष, ने एपीजी शिमला विश्वविद्यालय के सम्मानित शोधार्थियों के साथ संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शुभारंभ में बीएस चौहान, तुशार लंगोलिया, कुलाधिपति सुमन विक्रांत, प्रो चांसलर प्रोफेसर (डॉ) रमेश चौहान, कुलपति डॉ राजिंद्र सिंह चौहान, और एपीजी शिमला विश्वविद्यालय के विज्ञान के प्रमुख डॉ मनिंदर कौर भी शामिल थे।

कुलाधिपति सुमन विक्रांत ने इस उत्साह से उद्घाटन कार्यक्रम के बारे में अपनी उत्साहपूर्ण राय व्यक्त की, यह सहकारी प्रयास एपीजी शिमला विश्वविद्यालय के आदर्शों के साथ संगत है, जो पर्यावरणीय सततता और समग्र शिक्षा के प्रति है। हमारे पाठ्यक्रम में ऐसी प्रैक्टिकल परियोजनाओं को शामिल करके, हम अपने छात्रों को पर्यावरण जागरूक व्यक्तियों बनने का संवेदनशील बनाते हैं, जो समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देते हैं।

कुलपति डॉ राजिंद्र सिंह चौहान ने कहा, चिकित्सीय पौधे हमारे विश्वविद्यालय की वन्यजीव दृश्यकला को न केवल समृद्ध करता है, बल्कि हमारे छात्रों के लिए मूल्यवान शिक्षा के अवसर भी प्रदान करता है। हम मानते हैं कि इस तरह की पहल हमारे छात्रों के लिए ही नहीं, बल्कि बड़े समुदय और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी लाभदायक हैं।

यह महत्वपूर्ण परियोजना विश्वस्त करती है कि छात्रों को इस प्रोजेक्ट में काम करने के लिए पार्ट-टाइम आय के अवसर प्राप्त करने में मदद कर सकती है, उनके विभाग और विश्वविद्यालय को भी। यह आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वस्थ भविष्य के लिए एक सहयोगात्मक प्रयास का प्रतिबद्धता करता है।

# बेटी के बाद उपमुख्यमंत्री ने चुनाव लड़ने की अटकलों पर लगाया विराम

सिटी दर्पण
ऊना



- लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों को पूरी तरह से विराम दे दिया

हिमाचल प्रदेश में दो लोकसभा सीटों के साथ 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस में प्रत्याशियों के चयन पर कशमकश चल रही है। इसी बीच प्रदेश के दिग्गज कांग्रेसी नेता और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का नाम भी हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से अनुराग ठाकुर के मुकाबले काफी ट्रेंड कर रहा था। यहां तक कि उन्हें कई सर्वेक्षण में टॉप कंटेंडर भी बताया गया। लेकिन वीरवार को उपमुख्यमंत्री ने सीधे और स्पष्ट शब्दों में ऐसा कोई भी प्रस्ताव होने से इनकार किया है।

इससे पहले उनकी बेटी आस्था अग्निहोत्री को भी कांग्रेस हाईकमान द्वारा लोकसभा चुनाव के साथ गगरेट से विधानसभा उपचुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया जा चुका है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि उनके परिवार में हाल ही में एक बड़ा हादसा उनकी धर्मपत्नी के निधन के रूप में हुआ है। उनका परिवार अभी उसी से उबरने का प्रयास कर रहा है। हालांकि उन्होंने कांग्रेस हाईकमान द्वारा उनकी बेटी को चुनाव लड़ने का प्रस्ताव करने पर भी आभार व्यक्त किया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह किसी भी कार्यकर्ता के लिए गौरवपूर्ण क्षण होता है।

# भाजपा सांसद कश्यप ने किया शिमला के लिए रिकॉर्ड तोड़ कार्य कांग्रेस से सर्टिफिकेट की नहीं आवश्यकता: सुरेश भारद्वाज

सिटी दर्पण
शिमला



- सुरेश कश्यप के नेतृत्व में शिमला संसदीय क्षेत्र ने विकास की नई उंचाइयों को छूआ
- भाजपा सांसद ने सांसद निधि से खर्च की 19 करोड़ से ज्यादा की राशि

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद सुरेश कश्यप ने रिकॉर्ड तोड़ सांसद निधि खर्च की है, जहां कोविड संकटकाल के समय दो साल तक सांसद निधि प्राप्त नहीं हुई थी, उसके बावजूद भी भाजपा सांसद ने 100 प्रतिशत से ज्यादा पैसा खर्च किया है। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी केवल मात्र दुष्प्रचार में विश्वास रखती है और केवल मात्र वर्तमान सांसद की छवि खराब करने का प्रयास कर रही है। हम कांग्रेस पार्टी के नेताओं से पूछना चाहते हैं कि 6 बार के पूर्व सांसद केडी सुल्तानपुरी ने अपनी सांसद निधि को कहां-कहां खर्च किया उसका पूर्व विवरण इनको जनता के समक्ष रखना चाहिए।

उन्होंने कहा की 2019 से 2024 तक पांच साल में भाजपा सांसद ने 19 करोड़ की सांसद निधि से बढ़कर 19,30,45,875 की सांसद निधि खर्च की जो की एतिकासिक है। जैसा की विदित है हर सांसद को प्रतिवर्ष 5 करोड़ की सांसद निधि स्वीकृत होती है और इस कार्यकाल के दौरान 2 साल के लिए कोविड संकटकाल के समय सांसद निधि प्राप्त ही नहीं हुई। उन्होंने कहा की भाजपा सांसद ने शिमला जिला में 7,26,65,000, सोलन जिला में 5,44,47,875 और सिरमौर में 6,59,33,000 की राशि स्वीकृत करी है। यानी कुल राशि 19,30,45,875 स्वीकृत हुई है।

अगर हम विधानसभा क्षेत्र अनुसार बात करें तो शिमला जिला के अंतर्गत 7 विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिसके लिए सुरेश कश्यप ने चौपाल में 98,00,000, जुब्बल कोटखाई में 1,29,25000, कसुंपटी में 1,05,15,000, रोहड़ू में 1,13,75,000, शिमला ग्रामीण में 1,30,30,000, शिमला शहरी में 58,00,000 और ठियोग में 9,22,00,000 की राशि स्वीकृत की। इसी प्रकार सोलन जिला के अंतर्गत 5 विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिसमें अर्की में 1,43,89,000, दून में 98,50,000, कसौली में 1,12,33,875, नालागड़ में 80,75,000 और सोलन में 1,09,00,000 को राशि स्वीकृत की। सिरमौर के 5 क्षेत्र आते हैं जिसमें कश्यप ने नाहन में 1,66,53,000, पच्छाद में 1,79,50,000, पोंटा साहिब में 68,70,000, शिलाई में 1,20,10,000 और रेणुका जी में 1,24,50,000 की राशि स्वीकृत की।

# शिमला शहरी व ग्रामीण विस क्षेत्र के मतदान कर्मियों के लिए पूर्वाभ्यास आयोजित

सिटी दर्पण
शिमला



लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत आज 64-शिमला (शहरी) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों की पहली रिहर्सल राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर शिमला एवं 63-शिमला ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान कर्मियों की रिहर्सल राजकीय डिग्री महाविद्यालय संजौली में आयोजित की गई।

शिमला शहरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के पूर्वाभ्यास का आयोजन दो सत्र में किया गया, जिसमें पहले सत्र में 265 तथा दूसरे सत्र में 270 मतदान कर्मियों ने हिस्सा लिया। इसी प्रकार शिमला ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की रिहर्सल भी दो सत्र में आयोजित की गई, जिसमें पहले सत्र में 305 तथा दूसरे सत्र में 271 मतदान कर्मियों ने हिस्सा लिया।

इन पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने की। अनुपम कश्यप ने उपस्थित पीठासीन अधिकारियों (पीआरओ) और सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीआरओ) को मतदान प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सुचारू संचालन की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने मतदान कर्मियों के विभिन्न विषयों पर संशय भी दूर किए।

उन्होंने उपस्थित मतदान कर्मियों को रिहर्सल के दौरान सिखाई गई प्रक्रिया को ठीक से समझने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी चुनाव के दौरान आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज, सहायक रिटर्निंग अधिकारी शिमला एवं उपमंडलाधिकारी शिमला (शहरी) भानु गुप्ता, सहायक रिटर्निंग अधिकारी शिमला एवं उपमंडलाधिकारी शिमला (ग्रामीण) कविता ठाकुर, तहसीलदार (निर्वाचन) राजेंद्र शर्मा ने उपस्थित मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन और उनके दायित्वों व कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# 17,598 फीट पर माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप पहुंचा हिमाचल का 6 वर्षीय बालक

सिटी दर्पण
बिलासपुर




कहते हैं, बच्चे को अगर माता-पिता का सही मार्गदर्शन मिले तो उसे मुकाम हासिल करने से कोई ताकत नहीं रोक सकती है। हिमाचल के महज 6 साल के बच्चे ने एक करिश्मा कर दिखाया है। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के जुखाला से ताल्लुक रखने वाले नन्हें बालक युवान ने ऐसा कारनामा किया है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। 6 महीने की कठिन ट्रेनिंग के बाद दुनिया के सबसे ऊंचे बेस कैंप माउंट एवरेस्ट पर पहुंच गया।

अमूमन पर्वतारोही को यहां तक पहुंचना भी मुश्किल होता है, 17,598 फीट की ऊंचाई पर बेस कैंप में तापमान माइनस 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, लिहाजा यहां ऑक्सीजन की कमी भी होती है। ऑक्सीजन की दिक्कत ट्रैकिंग को मुश्किल बना देती है। जुखाला के 6 वर्षीय युवान ने माता- पिता सुभाष चंद्र व दिव्या भारती के साथ यहां तक पहुंचने में सफलता हासिल की है।

नन्हे बालक के पिता ने पिता सुभाष चन्द्र ने बताया कि परिवार के साथ काठमांडू से एवरेस्ट माउंटेन फ्लाइट ली, इसके बाद एयरपोर्ट से ट्रैकिंग शुरू की थी। बेस कैंप का सफर 8 अप्रैल को शुरू हुआ, 11 दिन में 135 किलोमीटर की यात्रा के बाद यह यात्रा खत्म हुई। बता दें कि सुभाष पिछले 8 वर्षों से दुबई में रह रहे हैं। वहां निजी कंपनी में वरिष्ठ पद पर तैनात हैं। उनका बेटा युवान भी दुबई में ही रहता है। इस समय पहली कक्षा में शिक्षा हासिल कर रहा है। माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक जाने के लिए बेटे को 6 महीने बगैर आराम दिए हार्ड ट्रेनिंग करवाई। इसके बाद ही उसके सफर का जोखिम उठाया गया, जिसे बेटे ने बिना किसी तकलीफ के पूरा किया है। उन्होंने बताया कि 6 महीने में तैराकी, मार्शल आर्ट तथा दौड़ की ट्रेनिंग करवाई गई थी, इसकी वजह से वो अच्छे ट्रैकर के साथ ही तैराक, धावक तथा मार्शल आर्ट में भी माहिर हुआ है। बता दें कि जुखाला क्षेत्र के सायर मुगरानी में युवान के दादा सुन्दर राम, दादी रहते हैं। नन्हा बालक स्कूल की छुट्टियों में हर साल दो माह के लिए पैतृक गांव आता है।

## संक्षिप्त-समाचार

### भाजपा की प्रदेश सरकार को गिराने की मंशा कभी पूरी नहीं होगी: मुकेश अग्निहोत्री

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार सत्ता में आने के बाद अपने सभी वादों को निभाया है। चाहे वह ओपीएस हो या फिर महिलाओं को 1500 रुपए देने की बात। दूसरी तरफ भाजपा की सरकार सिर्फ मोदी के नाम पर वोट चाहती है। यह कहना है प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार को गिराने की मंशा कभी पूरी नहीं होगी और कांग्रेस सरकार हर हाल में पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। डिप्टी सीएम सिरमौर के श्रीरेणुकाजी के दौरे पर शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के साथ पहुंचे थे। उपमुख्यमंत्री ने यहां पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने प्रदेश में विधायकों की खरीद-फरोख्त कर कांग्रेस सरारकर गिरानी चाही, लेकिन ऐसा न हो सका। इस दौरान उन्होंने शिमला संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में वोट डालने की लोगों से अपील की।उधर,शिमला संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने श्रीरेणुकाजी की जनता से उनका जमाई होने के नाते और पूर्व में रहे छह बार के शिमला संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी केडी सुल्तानपुरी द्वारा किए गए उनके कार्यकाल में कार्यों को देखते हुए अपनी दावेदारी से लोगों को आश्वस्त किया। वहीं,स्थानीय विधायक विनय कुमार ने विनोद सुल्तानपुरी को यहां की जनता की तरफ से आश्वस्त किया कि श्रीरेणुकाजी की जनता उन्हें भारी संख्या में अपना वोट देकर विजयी बनाने की भरपूर कोशिश करेगी।

### अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बच्चों से भरी स्कूल बस, 5 बच्चे चोटिल

ऊना। हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना वीरवार दोपहर बाद डीडीएम स्कूल गोंदपुर बनेहड़ा की बच्चों से भरी बस अप्पर भंजाल में अनियंत्रित होकर खाई गिर गई। हादसे में 5 बच्चों को चोटें आई हैं। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र अमलैहड़ लाया गया, जहां से दो को अंब रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वीरवार दोपहर गोंदपुर बनेहड़ा स्थित डीडीएम स्कूल में छुट्टी के बाद बच्चे घर के लिए बस में सवार हो गए। बच्चों को लेकर स्कूल बस मुबारिकपुर आ रही थी। रास्ते में बच्चों को घर उतारने के बाद बस जैसे ही अप्पर भंजाल पहुंची, तो बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे के दौरान बस में करीब 10 बच्चे सवार थे। इनमें से 5 बच्चों को चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र अमलैहड़ भेजा गया, जहां पर कुछ का उपचार का जारी है, जबकि दो बच्चों को अंब अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है। साथ ही बस चालक से भी पूछताछ की जा रही है।

### हिमाचल में सीजन का सबसे गर्म दिन, ऊना में पारा 38 डिग्री सेल्सियस

शिमला। हिमाचल प्रदेश में गुरूवार को चटख धूप खिलने से तापमान में उछाल आया और सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। राज्य के चार शहरों का दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। मैदानी इलाकों का पारा 38 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ऊना में अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है और यह सबसे गर्म स्थल रहा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री, बिलासपुर में 36.2 डिग्री, धौला कुआं में 36.3 डिग्री बरठीं में 34.5 डिग्री, सुंदरनगर में 33 डिग्री मंडी में 32.9 डिग्री, कांगड़ा में 33 डिग्री, नाहन में 32.5 डिग्री, चंबा में 32.3 डिग्री शिमला में 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राहत की बात यह है कि आने वाले दिनों में मौसम बिगड़ने से पारे में गिरावट आएगी और मैदानी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिलेगी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले चार दिन तक पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। साथ ही बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 26, 28 व 29 अप्रैल को येलो अलर्ट जबकि 27 अप्रैल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 27 अप्रैल को राज्य में भारी वर्षा और ओलावृष्टि होने की चेतावनी दी गई है। अगले चार दिन मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में आसमानी बिजली कड़कने और अंधड़ चलने की भी आशंका है। 30 अप्रैल तक राज्य में मौसम खराब रहेगा। इस दौरान उच्च पर्वतीय इलाकों लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा में बर्फ़बारी होने की संभावना है।

### अंतर्राष्ट्रीय मिंजर 28 जुलाई से 4 अगस्त आयोजित होगा मेला: मुकेश रेपसवाल

चंबा। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला जिला चंबा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और वैभव का परिचायक है । इसका संरक्षण व संवर्धन करना सभी का नैतिक दायित्व है। वे आज अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले के आयोजन की रूपरेखा को लेकर विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित प्रथम बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे । उपायुक्त ने कहा कि मिंजर मेला आयोजन समिति मेले को विविध आयाम प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए सकारात्मक व दृढ़ प्रयास किए जा रहे हैं। साथ में मेले के अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप प्रबंध-व्यवस्था सुनिश्चित बनाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मिंजर मेला आयोजन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा के दौरान उपायुक्त ने बताया कि परंपरा के अनुसार इस बार अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 28 जुलाई से 4 अगस्त तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । मेले के शुभारंभ अवसर पर महामहिम राज्यपाल और समापन समारोह में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को आमंत्रित किया जाएगा।

### स्वीप के तहत दवारी और घड़याच में चलाया विशेष जागरूकता अभियान

शिमला। हिमाचल प्रदेश में प्रथम जून, 2024 को सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम अर्की ने दवारी, कोयल सनोग, सारमा, मटेरना और घडयाच में मतदाता जागरूकता अभियान के साथ हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा, डॉ. हेमराज सूर्य व प्रो. योगेश कुमार ने बताया कि इन मतदान केंद्रों में पिछले चुनाव में कम मत प्रतिशत दर्ज किया गया।

सम्मान

## वर्ष 2023 में राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी

# राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सड़क सुरक्षा पुरस्कार प्रदान किए

सिटी दर्पण
शिमला




हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आम लोगों को सड़क दुर्घटनाओं के दौरान सहयोग करने के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित करने की पहल करना सराहनीय है, जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। राज्यपाल आज यहां पुलिस मुख्यालय में आयोजित सड़क सुरक्षा पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों और प्रवर्तन का मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति, समुदाय और संस्थान के समर्पण और प्रयासों की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है इसलिए यहां सड़क सुरक्षा की चुनौतियां अधिक हैं। हालांकि इन चुनौतियों का सामना करने का हमारा संकल्प और भी मजबूत है। सुरक्षात्मक उपायों, जागरूकता और नवीन रणनीतियों के माध्यम से हम सड़क सुरक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में अच्छी सड़क सुविधा के कारण यहां पर्यटकों की आमद वर्षभर अधिक रहती है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पर्यटन सीजन के दौरान और सप्ताहांत में औसतन 10 हजार वाहन राज्य में प्रवेश करते हैं। इसके अलावा वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है और प्रतिदिन औसतन 450 वाहनों का पंजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग और अन्य विभाग संयुक्त रूप से सड़क दुर्घटनाओं के इस खतरे को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना अत्यन्त आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों के कारण ही वर्ष, 2022 की तुलना में वर्ष, 2023 के दौरान सड़क यातायात दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। राज्यपाल ने सड़क सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त करने वाले लोगों को बधाई देते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है। इससे पहले राज्यपाल ने सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुलिस कर्मियों, लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों और मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गया सड़क सुरक्षा गीत भी जारी किया। इससे पहले, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने राज्यपाल का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाया है और इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष, 2021 तक 100 दुर्घटनाओं में 44 मौतें होती थीं, लेकिन अब यह आंकड़ा घटकर 37 हो गया है। ब्लैक स्पॉट की पहचान करने से दुर्घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पुलिस विभाग आधुनिक सुविधाएं अपनाकर और अन्य सहयोगी विभागों के सहयोग से लोगों को जागरूक कर रहा है, उससे आने वाले समय में प्रदेश में काफी बदलाव नजर आएगा। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक गुरदेव चंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित एक प्रस्तुति दी।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था अभिषेक त्रिवेदी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, गृह एवं नागरिक सुरक्षा राकेश अग्रवाल, पुलिस, लोक निर्माण एवं परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# भाजपा द्वारा संकल्प पत्र 'मोदी की गारंटी' जारी

## लोगों से लिए जा रहे हैं सुझाव, जल्द जारी होगा चंडीगढ़ का संकल्प पत्र

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन ने कहा कि 2004 से 2014 तक कांग्रेस सरकार में स्कीमों पर नहीं स्कैम पर काम हो रहा था, जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में सिर्फ स्कीमों पर काम हुआ है।गुरुवार को भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी का चंडीगढ़ में लोकार्पण के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा और भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन मीडिया से रूबरू हुए और संकल्प पत्र के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला।साथ ही यह भी जानकारी दी कि जल्द चंडीगढ़ जनता के सुझावों पर आधारित चंडीगढ़ भाजपा का संकल्प पत्र भी तैयार कर जारी किया जाएगा। इसके लिए चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र वासियों और प्रमुख संगठनों के प्रतिनिधियों से सुझाव मांगे जा रहे हैं।इन्हीं सुझावों के आधार पर यह संकल्प पत्र के रुप में जारी होगा। इन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के पिछले संकल्प पत्र में से 90 प्रतिशत से अधिक को सफलता के साथ पूरा करने का काम किया है, जबकि भारत की जनता जानती हैं कि पिछली सरकारों के घोषणा पत्रों पर कितने सवाल उठते थे। संजय टंडन ने कहा कि भाजपा अपने लक्ष्य एक बार फिर मोदी सरकार और 400 पार की ओर इसलिए बढ़ रही है, क्योंकि 2004 से 2014 तक देश में सिर्फ स्कैम स्कैम स्कैम की बात होती थी, जबकि 2014 से 2024 तक देश की प्रगति और लोकहित में सिर्फ स्कीम स्कीम स्कीम पर तेजी से काम हुआ है। यह संकल्प पत्र 15 लाख लोगों के सुझाव से बना है, जो कि अगले पांच वर्षों में भारत की दशा और दिशा को बदल कर रख देगा, क्योंकि इसमें कुछ महत्वपूर्ण चीजें सामने से दिखती है, अगर इसकी गहराई में जाएं देश की प्रगति का पूरा रोडमैप सामने होगा।इसमें सोशल नेटवर्क सेगमेंट है, फिजिकल सेगमेंट में और डिजिटल सेगमेंट पर फोकस किया है। संजय टंडन ने कहा कि मोदी भारत को ग्लोबल सेक्टर के रुप में देखना चाहते हैं।ग्लोबल इंजीनियरिंग, क्वालिटी और क्वांटिटी, आयुष्मान योजना के लाभ पात्रों में 70 वर्ष आयु से ऊपर के हर वर्ग लोगों को भी पांच लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा का लाभ जैसी अनेक योजनाएं हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक



मुद्रा लोन 10 लाख था, लेकिन अब 20 लाख और तीन करोड़ महिला दीदियों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य शामिल है। उन्होंने कहा कि जिसे कोई नहीं पूछता, उसे मोदी पूजते हैं, फिर चाहे वह रेहड़ी फड़ी वाले हों या अन्य।मोदी सरकार विकास और विरासत दोनों क्षेत्रों के लिए कार्य कर रही है। हैरीटेज और इको टुरिज्म के क्षेत्र को आगे बढ़ाने की योजना है। टंडन ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मनीष तिवारी को संविधान बचाने की ललक जागी है और लोकतंत्र के हनन का राग अलाप रहे हैं, लेकिन उन्हें जनता के बीच जाकर बताना चाहिए कि धारा 370 पर वह किसके साथ थे, भारत की आजादी के बाद 1977 तक लोकतंत्र का जितना हनन कांग्रेस की सरकारों में हुआ, उतना कभी हो नहीं सकता।खुद उनके पिता आपातकाल के दौरा में 19 माह जेल रहे और उन जैसे लाखों लोगों को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एक फैसला आने के बाद जेलों में ठूंसने का काम किया और साथ ही साथ इनके परिवारों को भी तरह तरह की यात्नाएं दी गई थी।उन्होंने तिवारी को दो टूक कहा कि जो लोग शीशे के घरों में रहते हैं, वह दूसरों पर पत्थर नहीं मारते। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार के कार्यकाल में नौकरी लेने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बड़ी संख्या में तैयार हुए हैं। हिंदुस्तान में पांच लाख किलोमीटर हाईवे बने हैं।पंजाब में आज कोई भी फसल ऐसी नहीं है, जिसका रेट एमएसपी से ऊपर ना मिला हो। 2014 से पहले आए दिन भारत के किसी ना किसी प्रदेश में बम फटा करते थे, लेकिन मोदी सरकार के कार्यकाल में ना केवल आतंकवाद पर रोक लगी है, बल्कि पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन की हरकतों पर विराम लगा है।आज पाकिस्तान की हिम्मत भी नहीं है कि वह भारत की ओर नापाक इरादे से देखे।कश्मीर भारत का हिस्सा रहेगा की नहीं, पहले यह भय बना रहता था। आज माहौल बदला है। मोदी सरकार ने इस भय से मुक्ति दिलाने का काम धारा 370 हटा कर किया। भारत की मजबूती को देखते हुए आज पीओके की बात होने लगी है। आज 80 करोड़ गरीब लोगों को हर माह मुफ्त राशन दिया जा रहा है।50 करोड़ से ज्यादा लोग जनधन योजना से जुड़े हैं और इन जनधन खातों में 80 हजार करोड़ रुपये पड़े हैं।

# मनुष्य का जीवन परोपकार के प्रति समर्पित हो: सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

**परोपकार का जीवंत स्वरूप दर्शाता- मानव एकता दिवस**



सिटी दर्पण
मोहाली /चंडीगढ़ /पंचकूला

'निरंकार प्रभु ने हमें यह जो मानव जीवन दिया है इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके; परोपकार का ऐसा सुंदर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। फिर सबके भले की कामना ही हमारे जीवन का लक्ष्य बन जाता है।' उक्त उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 'मानव एकता दिवस' के अवसर पर समस्त श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। मानव एकता दिवस का पावन अवसर चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज श्री ओ पी निरंकारी जी ने बताया कि बाबा गुरबचन सिंह जी की मानवता के प्रति की गयी उनकी सच्ची सेवाओं को समर्पित है जिससे निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कल्याण कर रहा है। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आज संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर की श्रृंखलाओं का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50,000 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। साथ ही दिल्ली के ग्राउंड नं0 2 निरंकारी चैक, बुराड़ी में आयोजित रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं ने अत्यंत उत्साहपूर्वक स्वैच्छिक भाव से लगभग 15,00 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित जी ने भी रक्तदान किया, जो मिशन के भक्तों एवं युवा सेवादारों के लिए निसंदेह प्रेरणा का स्त्रोत रहा। इन सभी रक्तदान शिविरों में रक्तदान से पूर्व की जाने वाली जाँच एवं स्वच्छता की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। इसके साथ ही रक्तदाताओं हेतु उत्तम रूप में जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई। मानव एकता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में जन समूह को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि सेवा का भाव सदैव निष्काम ही रहा है। ऐसी भावना जब हमारे मन में बस जाती है तब हमारा जीवन वास्तव में मानवता के कल्याणार्थ समर्पित हो जाता है। ऐसा ही परोपकारी जीवन बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य सिखलाईयों का आधार रहा है। निष्काम सेवा के सुंदर भाव का जिक्र करते हुए सतगुरु माता जी ने समझाया कि जब हमारे मन में निष्काम सेवा का भाव उत्पन्न हो जाता है तब यह संसार और भी अधिक सुंदर लगने लगता है क्योंकि तब हमारी सेवा भावना साकार एवं कर्मरूप में समस्त मानव परिवार के लिए वरदान बन जाती है।

# कार की पिछली सीट पर बैठने वालों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य: चंडीगढ़ पुलिस

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



चंडीगढ़ शहर में अब कार की पिछली सीट पर बैठे सवार को भी सीट बेल्ट लगानी होगी। यह अभियान चंडीगढ़ पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं में होने वाले लोगों की जान बचाने के लिए शुरू किया गया था। लोगों को सीट बेल्ट का महत्व समझाने के लिए पुलिस मशहूर उद्योगपति साइरस मिस्त्री और कॉमेडियन जसपाल भट्टी की सड़क हादसे में हुई मौत का जिक्र कर लोगों को जागरूक कर रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी तक सिर्फ लोगों को जागरूक किया जा रहा है।इसके बाद भी कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। चंडीगढ़ में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत अब सभी सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं। साथ ही हर सड़क पर गति सीमा निर्धारित की गई लेकिन इसके बाद भी कई बार हादसों में लोगों की जान चली गई है, जो पुलिस के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।इसके साथ ही यह बात भी सामने आई है कि पीछे की सीट पर बैठे लोगों की भी मौत हो गई है। पहले इसी बात को ध्यान में रखकर सभी प्रमुख सड़कों पर गोलचक्कर का निर्माण किया जाता था। पुलिस का कहना है कि हमारा मकसद सिर्फ लोगों के चालान काटना नहीं है। उनकी जान सलामत रहें, उनकर परिवार खुश रहें, यही हमारी सोच है। वहीं हम लोगों को जागरूक करने का भी काम कर रहे हैं। उसके बावजूद कुछ लोग सब जान-बुझकर भी अंजान बन जाते है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, 2023 में सड़क हादसों में 67 लोगों की मौत हुई। इनमें 19 महिलाएं और 7 बच्चे शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कैमरे लगने से मौतों की संख्या में कमी आई है। 2022 की तुलना में 2023 में 16 कम मौतें। 2022 में सड़क हादसों में 83 लोगों की जान चली गई, जबकि 203 लोग घायल भी हुए। इसी तरह 2021 में सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या 96 रही। 2022 में सड़क पार करते समय 28 लोगों की मौत हो गई। 6 महिलाओं समेत 21 दोपहिया वाहन चालकों की मौत हो गई।

## फ्लैट बेचने का झांसा देकर महिला से 2 लाख रुपये ठगे

**पंचकूला।** महिला को फ्लैट बेचने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। सेक्टर-7 थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार बीड़ घग्गर निवासी संगीता रानी ने बताया कि उनका कूरियर का बिजनेस है। वे एक ईडब्यूएस फ्लैट सर्च कर रही थी। उसी दौरान उनकी मुलाकात हरदयाल से हुई जो फ्लैट सेल परचेज का काम करता है। हरदयाल ने उन्हें बताया एक फ्लैट बिकाऊ है। फ्लैट पीरमुच्छल्ला निवासी महिला के नाम पर है, जिसकी डिमांड 2 लाख 30 हजार रुपये है और बाकी हाउसिंग बोर्ड को पैसे देकर ये फ्लैट आपको मिल जाएगा। महिला ने शिकायतकर्ता को बताया कि फ्लैट उसका है। शिकायतकर्ता ने 2 जून 2023 को 49 हजार रुपये महिला के खाते में बैंक से ट्रांसफर किए और 1 हजार रुपये नकद उसके घर पर दिए। 10 जून 2023 को शिकायतकर्ता ने महिला के अकाउंट में 1.50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद शिकायतकर्ता ने महिला से प्रोपर्टी के कागज मांगे तो वो एक दो दिन करती रही।

# श्री चैतन्य इंस्टीट्यूट का जेईई मेन 2024 में शानदार परिणाम

## चंडीगढ़ के वेदांत सैनी (एआईआर 26)- 100 परसेंटाइल के साथ बने ट्राइसिटी टॉपर

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



अकादमिक उत्कृष्टता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, श्री चैतन्य इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर जेईई मेन परीक्षा में अपनी योग्यता साबित की है, जिसमें वेदांत सैनी 100 परसेंटाइल के साथ ट्राइसिटी टॉपर के रूप में उभरे और एआईआर 26 हासिल की। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर न केवल उनके परिवार को गर्व है, बल्कि उन्होंने देश भर में महत्वाकांक्षी इंजीनियरों के लिए एक मानक भी स्थापित कर गौरवान्वित किया है। दूसरे नंबर पर आयुष गंगल हैं, जिन्होंने एआईआर 60 हासिल की। वेदांत और आयुष की उपलब्धि सभी विषयों में अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए श्री चैतन्य की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। श्री चैतन्य चंडीगढ़ ने एक आदर्श रिकॉर्ड बनाए रखा है - दोनों जेईई मेन सेशंस में ट्राइसिटी टॉपर्स (आयुष गंगल (एआईआर 60) जेईई मेन सेशन 1 में ट्राइसिटी टॉपर थे और वेदांत सैनी (एआईआर 26) जेईई मेन सेशन 2 में ट्राइसिटी टॉपर हैं)। श्री चैतन्य चंडीगढ़ के 11 से अधिक छात्रों ने शीर्ष एआईआर 1000 में रैंक हासिल की है। इस साल का जेईई मेन प्रदर्शन ट्राइसिटी की शैक्षणिक कौशल का उत्सव है। यह न केवल भविष्य की पीढ़ियों के उम्मीदवारों को प्रेरित करता है बल्कि भविष्य के इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को विकसित करने की क्षेत्र की क्षमता को भी उजागर करता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि में योगदान देने वाले सभी छात्रों को बधाई! जैसे ही ये उल्लेखनीय छात्र जेईई एडवांस परीक्षा की ओर अपनी यात्रा शुरू करते हैं, उनका शानदार प्रदर्शन उनके साथियों के लिए प्रेरणा और श्री चैतन्य इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा की अद्वितीय गुणवत्ता का एक प्रमाण है। उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वालों के माता-पिता ने श्री चैतन्य इंस्टीट्यूट को उसके अटूट समर्थन और मार्गदर्शन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। वेदांत के पिता ने कई अन्य लोगों की भावनाओं को दोहराते हुए कहा, 'हमारे बच्चे की क्षमता का पोषण करने और उसे इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मार्गदर्शन करने के लिए हम श्री चैतन्य के बेहद आभारी हैं।' वेदांत बताते हैं कि उन्होंने जेईई मेन में सफलता के लिए श्री चैतन्य संकायों के मार्गदर्शन के अनुसार तैयारी की थी। फिजिक्स और गणित में थ्योरी क्लियर करने के अलावा प्रैक्टिस पर ज्यादा जोर दिया गया, जबकि केमिस्ट्री में एनसीईआरटी सिलेबस पर पूरा फोकस कर तैयारी की। मैं बार-बार प्रश्नों का अभ्यास करता था। मैं श्री चैतन्य इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान किए गए समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं, जिससे मुझे यह उपलब्धि हासिल करने में मदद मिली। मैं अपनी सफलता का श्रेय कठोर पाठ्यक्रम और अपने शिक्षकों के निरंतर प्रोत्साहन को देता हूं। आईआईटी बॉम्बे में दाखिला पाने का मेरा सपना अब पहले से कहीं ज्यादा करीब है, और मैं इसे साकार करने के लिए कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं।" श्री चैतन्य के पाठ्यक्रम ने मेरे आत्मविश्वास को मजबूत किया। श्री चैतन्य द्वारा उपलब्ध कराए गए मॉड्यूल और अध्ययन सामग्री उत्तम हैं। मेरी सफलता में मुझे अपने माता-पिता के साथ-साथ फैकल्टी और मेंटर्स का भी पूरा सहयोग मिला है। वे समय-समय पर मुझे प्रेरित करते रहते थे।' आयुष ने कहा, श्री चैतन्य इंस्टीट्यूट से जेईई की तैयारी करना मेरे लिए एक अच्छा निर्णय था। आगे देखते हुए, ये असाधारण छात्र श्री चैतन्य के मार्गदर्शन में अपनी यात्रा जारी रखेंगे, क्योंकि वे जेईई एडवांस परीक्षा की तैयारी करेंगे।

**आयोजन** | **कुष्ठ सलाहकारों को कार्यक्रम से प्राप्त हुई कई जानकारियां**

# एनएचएम ओडिशा के कुष्ठ रोग सलाहकार ने टीम सहित किया जीएमएसएच 16 और हेल्थ एंड सेंटर वेलनेस मलोया का दौरा

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (एनएलईपी) के कामकाज में डिजिटल तरीकों को अपनाना केवल आधुनिकीकरण के बारे में नहीं है; यह कुष्ठ रोग से निपटने के तरीके में क्रांति लाने के बारे में है। प्रौद्योगिकी की शक्ति का उपयोग करके, हम निगरानी बढ़ा सकते हैं, रोगी देखभाल में सुधार कर सकते हैं और आउटरीच प्रयासों को मजबूत कर सकते हैं। अंततः हमें यह सब कुष्ठ रोग मुक्त विश्व के हमारे लक्ष्य के करीब लाएगा। यह शब्द राज्य कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. मंजीत पाल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ओडिशा के 17 सलाहकारों की चंडीगढ़ में सरकारी मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल सेक्टर 16 (जीएमएसएच 16) के 4-दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम के दौरे के दौरान कहें। यह दौरा प्रचलित दरों, नए मामलों की आमद और कुष्ठरोग से प्रभावित व्यक्तियों के लिए आवश्यक सेवाओं की पहुंच पर प्रकाश डालने पर केंद्रित था। प्रतिनिधियों को एमसीआर सैंडल और अस्पताल में उपलब्ध करायी जाने वाली दवाएं दिखायी गयीं। चंडीगढ़ के भौगोलिक मानचित्र के साथ-साथ नए मामलों के प्रवासन की चुनौती पर चर्चा की गई और प्रत्येक रोगी के लिए रिकॉर्ड रखरखाव की चुनौतियों पर चर्चा की गई। इसके बाद, सलाहकार मलोया में स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र के लिए रवाना हुए, जहां वे परिधीय कर्मचारियों, विशेष रूप से सहायक नर्स मिडवाइव्स (एएनएम) के साथ इंटरेक्टिव सत्र में शामिल हुए। इस बातचीत ने सर्वेक्षण आयोजित करने में अपनाई गई पद्धतियों, रोगियों के लिए निर्बाध रेफरल प्रक्रियाओं, मेहनती अनुवर्ती तंत्र और रोगी परामर्श के महत्वपूर्ण पहलू में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। इसके अलावा, सलाहकारों ने दवाएं उपलब्ध कराने और ई-संजीवनी परामर्श आयोजित करने की सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त किया, जिससे जमीनी स्तर पर अपनाए गए समग्र दृष्टिकोण की उनकी समझ में वृद्धि हुई। पीजीआई में सामुदायिक चिकित्सा विभाग और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन विकास कार्यक्रम द्वारा आयोजित, इस अग्रणी पहल का उद्देश्य ओडिशा के 17 वरिष्ठ जिला कुष्ठ रोग सलाहकारों को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में संचार, वकालत, तनाव और समय प्रबंधन, टीम निर्माण, संघर्ष समाधान, प्रेरणा और मनोबल वृद्धि को शामिल करने वाले नरम नेतृत्व कौशल के साथ-साथ कार्यक्रम कार्यान्वयन, योजना, जीआईएस मैपिंग, निगरानी और मूल्यांकन तकनीकों जैसे तकनीकी पहलुओं को शामिल करने वाला एक व्यापक पाठ्यक्रम शामिल है। कक्षा सत्रों के अलावा, प्रतिभागी इसके संचालन और गुणवत्ता परिप्रेक्ष्य में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए पीजीआई कुष्ठ क्लिनिक के अध्ययन दौरे में शामिल होंगे। क्षेत्र के दौरे के दौरान, सलाहकारों ने कुष्ठ रोग और इसकी चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नैदानिक प्रक्रियाओं और नवीन दृष्टिकोणों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन देखा। विशेष रूप से, लेप्रोसी स्किन क्लिनिक की स्किन लैब में स्लिट स्किन स्मीयर परीक्षाओं की जानकारी प्रदान की गई थी। कार्यक्रम के समापन में ओडिशा राज्य के लिए तैयार की गई कार्य योजना का निर्माण और प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का समापन 26 अप्रैल यानि के आज होगा जिसमें विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## पीजीआई हेपेटोलॉजी विभाग का राष्ट्रीय एंडोस्कोपी सम्मेलन में बोलबाला



**चंडीगढ़।** पीजीआई के हेपेटोलॉजी विभाग ने हाल ही में 18 से 21 अप्रैल तक नई दिल्ली में सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी ऑफ इंडिया (एसजीईआई) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एंडोस्कोपी सम्मेलन, एंडोकॉन-2024 में महत्वपूर्ण मान्यता प्राप्त की है। डॉ. सहज राठी, हेपेटोलॉजी विभाग पीजीआई के सलाहकार और उनकी टीम ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एंडोस्कोपी मास्टर्स कप वीडियो पुरस्कार में शीर्ष दो स्थान हासिल किए। डॉ. राठी ने वीडियो प्रस्तुत किया जिसने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। दूसरा वीडियो द्वितीय वर्ष के वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. गणेश सीपी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जो सभी स्तरों पर प्रतिभा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विचार करते हुए, पीजीआई हेपेटोलॉजी विभाग ने गर्व व्यक्त किया है। उत्कृष्टता की निरंतर खोज से प्रेरित होकर, विभाग ने हेपेटोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए, रोगी देखभाल, अनुसंधान और शैक्षणिक कौशल में नए मानक स्थापित करना जारी रखा है।

## एक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन परिप्रेक्ष्य विषय पर कार्यशाला आयोजित




**चंडीगढ़।** पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में सामुदायिक चिकित्सा विभाग और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के क्षेत्रीय एचटीए संसाधन केंद्र ने 'नीति निर्माण के लिए संचार विज्ञानः एक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन परिप्रेक्ष्य' विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यशाला आज आयोजित हुई और इसने भारत और विदेश दोनों के प्रसिद्ध व्यक्तियों और संस्थानों का महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया। कार्यशाला में भारत के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों और संस्थानों के 150 से अधिक प्रतिभागियों के साथ-साथ पांच देशों के 20 प्रतिष्ठित संसाधन व्यक्तियों की एक विविध सभा का स्वागत किया गया। प्रतिभागियों ने विशेष रूप से स्वास्थ्य देखभाल में नीति निर्माण के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य के प्रभावी संचार के बारे में गहन चर्चा की।

## फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तरह देखभाल के प्रति भी उतने ही प्रतिबद्ध रहें जितना चिंतित रहें: डॉ. लाल



**चंडीगढ़।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एजुकेशन, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ ने ठव्छए, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के नर्सिंग छात्रों के लिए अपना पहला इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर विवेक लाल, निदेशक, प्रोफेसर नरेश के पांडा, डीन, अकादमिक और श्री उम्मेद माथुर, रजिस्ट्रार, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ सहित सम्मानित अतिथि उपस्थित थे। बहुप्रतीक्षित इंटरैक्टिव सत्र ने नर्सिंग छात्रों को क्षेत्र के प्रतिष्ठित पेशेवरों के साथ जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। नाइन की प्रिंसिपल डॉ. सुखपाल कौर ने मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया और नाइन का संक्षिप्त इतिहास और पृष्ठभूमि प्रदान की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नाइन की स्थापना 1964 में पोस्ट बेसिक एजुकेशन प्रोजेक्ट के तहत विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) की सहायता से पीजीआई के एक विभाग के रूप में की गई थी। 2003 में, नर्सिंग कॉलेज को राष्ट्रीय नर्सिंग शिक्षा संस्थान में अपग्रेड किया गया था।

# कनाडा भेजने के नाम पर व्यक्ति से ठगे थे 29 लाख रुपये, 1 गिरफ्तार

**अदालत में पेश कर हासिल किया तीन दिनों का रिमांड**

सिटी दर्पण
पंचकूला

थाना रायपुररानी इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह के द्वारा विदेश भेजनें के नाम पर 29 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान कर्ण वर्मा वासी गांव मुआना सफीदों जींद हरियाणा के रुप में हुई। इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह ने बताया कि 8 सितंबर 2023 को पीडित व्यक्ति चमन लाल वासी गांव खेडी पंचकूला ने शिकायत दर्ज करवाई थी। अपनी शिकायत में उसने बताया कि वर्ष 2021 में वह मुनीम का कार्य करता था। एक दिन उसका पडौसी जतिन घर पर आया और कहा कि उसके रिश्तेदार कनाडा में सेटल है और वह अच्छा पैसा कमा रहे है। तू भी जाना चाहता है क्या और जतिन ने उससे कहा कि इसके लिए 29 लाख रुपये लगेंगें। इसके बाद पीडित ने उसको 9 लाख रुपये नकद दे दिए। फिर कुछ दिन बाद कहा कि आपका वीजा लगने वाला है और बाकि पैसे 20 लाख रुपये भी दे दे। उसके उपरांत पीडित व्यक्ति ने मजूबर होकर 20 लाख रुपये दे दिए। बाद में उन्होंने कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंच जाना, जब वह 16 जनवरी 2022 को अपने पासपोर्ट के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा। उसका वीजा इंडोनेशिया देश का लगवाया फिर आरोपी ने पीड़ित से कहा कि पहले 3 महीने इंडोनेशिया लगाने पड़ेंगे। वहां से आपको कनाडा भेजा जायेगा। पीड़ित मजबूर होकर इंडोनेशिया चला गया। इसके बाद करीब डेढ महीने इंडोनेशिया में रहने के बाद जतिन के रिश्तेदार ने कहा कि आपको इंडोनेशिया से वापस इंडिया आना पडेगा। इस पर पीडित व्यक्ति ने कहा कि मैने आपको 29 लाख रुपये कनाडा में भेजने के लिये दिये है और आप उसे इंडीया में वापस क्यों भेज रहे हो। इस पर जनित की बहन ने कहा कि जैसा-2 कह रही तूम बस वैसा-2 करते रहो।

# पुलिस ने तीन वाहन चोर पकड़े, चोरी के 11 स्कूटर और दो मोटरसाइकिल बरामद

सिटी दर्पण
मोहाली



मोहाली पुलिस ने तीनलोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से चोरी की 11 एक्टिवा स्कूटर और 2 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। डीएसपी सिटी 2 हरसिमरन सिंह बल ने बताया कि येलोग पहले भी इस इलाके में स्कूटर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। उन्होंने बताया कि एसएसपी मोहाली डा संदीप गर्ग के निर्देश पर असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान सोहाना थाना प्रभारी जसप्रीत सिंह के नेतृत्व में काबू किया गया है। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को पुलिस ने रिंपलदीप कौर निवासी गांव जोगी चीमा जिला गुरदासपुर की शिकायत पर एक्टिवा चोरी के संबंध में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद सोहाना थाने के एएसआई शीशपाल और पुलिस पार्टी ने हाउस फेड कॉम्प्लेक्स सेक्टर 85 मोहाली की घेराबंदी कर सागर उर्फ सैनी निवासी ई ब्लॉक कमाडों कॉम्प्लेक्स फेज 11 मोहाली को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से चोरी की 9 एक्टिवा स्कूटर बरामद करलीं।

उन्होंने बताया कि सागर से पुलिस की पूछताछ में उसने अपने दो अन्य साथियों के बारे में जानकारी दी थी, जिस पर अंकुश निवासी फेज 11 और गुर प्रताप सिंह उर्फ मोहित निवासी पंजाब मंडी बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 66 मोहाली को नामजद किया गया था। मामला दर्ज किया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों के पास से दो एक्टिवा स्कूटर बरामद किये हैंण और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त-समाचार

### रामनगर-चंडीगढ़-रामनगर एक्सप्रेस में कोचों की संख्या का हुआ विस्तार

**चंडीगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुये यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों के कोच संरचना में निम्नवत परिवर्तन के साथ कोचों की संख्या 12 से बढ़ाकर 15 कर दी गई है। 12527/12528 रामनगर-चंडीगढ़-रामनगर एक्सप्रेस में रामनगर से 29 अप्रैल से संशोधित रेक संरचना के अनुसार जीएसएलआरडी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 03, साधारण द्वितीय श्रेणी कुसीर्यान के 04, वातानुकूलित कुसीर्यान का 01 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 कोचों सहित कुल 15 कोच लगाये जायेंगे। वहीं ट्रेन संख्या नंबर 15059/15060 लालकुंआ-आनन्द विहार टर्मिनस-लालकुंआ एक्सप्रेस में लालकुंआ से 30 अप्रैल से संशोधित रेक संरचना के अनुसार जी.एस.एल.आर.डी. के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 03, साधारण द्वितीय श्रेणी कुसीर्यान के 04, वातानुकूलित कुसीर्यान का 01 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 कोचों सहित कुल 15 कोच लगाये जायेंगे।

### स्नैचिंग के इरादे से दंपत्ति पर किया नुकीले हथियार से हमला

**चंडीगढ़।** शहर के एक और दंपत्ति स्नैचरों का शिकार होते-होते बचे लेकिन इस वारदात को अंजाम देने के दौरान आरोपियों ने दंपत्ति पर किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया। इस हमले में उन्हें चोटें आई और इलाज के लिए उन्हें जीएमसीएच-32 में दाखिर करवाया गया। जानकारी के अनुसार चंडीगढ़ निवासी एक महिला की शिकायत पर पुलिस थाना मनीमाजरा में आईपीसी की धारा 392, 511 के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह अपने पति के साथ एक्टिवा पर जा रहे थे। जब वह दोनों रेलवे लाइट पॉइंट से कला ग्राम लाइटों के बीच में थे उसी दौरान तीन से चार पैदल लड़कों ने उनका रास्ता रोक लिया। इससे पहले वह कुछ समझ पाते आरोपियों ने उनका एक्टिवा रोक लिया। महिला ने बताया कि आरोपियों ने स्नैचिंग करने के इरादे से उन्हें रोका था। इसके बाद उन पर हमला कर दिया गया।

### शहर में आज और कल बारिश होने से गर्मी से मिलेगी राहत

**चंडीगढ़।** शहर में वीरवार को तेज धूप और चुभने वाली गर्मी महसूस की गई। जिस वजह से लोगों को दोपहर को घर से निकलना मुश्किल होने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक वीरवार को शहर का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज गया। लेकिन मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार से शहर का मौसम एक बार फिर बदलने वाला है। चंडीगढ़ मौसम केंद्र ने शहर में बादल छाने के साथ बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इसकी वजह से तापमान में भी तीन से चार डिग्री की कमी आ सकती है। ध्यान रहे कि पहाड़ों में हो रही बारिश की वजह से शहर में अभी तक भीषण गर्मी शुरू नही हुई थी। अभी तक शहर का अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री के आसपास ही दर्ज किया जा रहा था। लेकिन पिछले दो दिनों में तापमान में बढ़ोतरी देखी गई लेकिन अब फिर 27 अप्रैल को बारिश हो सकती है, जिसके बाद तापमान में गिरावट आएगी।

### एक ही घर में पिछले 6 दिनों में 3 बार की चोरी

**मोहाली।** जिला पुलिसलंबे-चौड़े दावे करती है कि शहर की कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है, लेकिन स्थिति यह है कि चोरों के हौंसले इतने बढ़ गये हैं कि वे पिछले 6 दिनों के बीच फेज 2 के एक घर में तीन बार चोरी हो चुकी है और चोरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बावजूद पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई है। फेस 2 की रहने वाली मीनाक्षी ने बताया कि उनके पति बाहर रहते हैं और उनकी मां की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब चल रही है, इसलिए वह रात को घर में तालालगाकर सेक्टर 49 स्थित अपनी मां के घर चली जाती हैं और दिन में यहां आ जाती हैं। उन्होंने बताया कि पिछली 18 तारीख को वे घर में तालालगाने गये थे और 20 तारीख को आये तो देखा कि चोर उनके घर में घुस गये थे और उनके घर का फर्नीचर तोड़ दिया तथा उनके पति की अलमारी (जिसमें नकदी थी) तोड़ कर नकदी चुराली।